www.epaper.azadsipahi.in

28 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 131


कैग रिपोर्ट का खुलासा: कोविड प्रबंधन के लिए मिले 756.42 करोड़ का इस्तेमाल नहीं




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## मुख्यमंत्री ने विधानसभा में विपक्ष पर साधा निशाना

# राज्य को ऐसे कीचड़ में डाला कि निकालने में पसीने छूट रहे: हेमंत

- राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सीएम ने सरकार का पक्ष रखा
- कहा, अभी शुरुआत है, आपको पांच साल तक विपक्ष में ही बैठना है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष इस सरकार की किसी भी उपलब्धि को मानने के लिए तैयार नहीं है। विपक्ष में आज जो लोग बैठे हैं, उन्होंने राज्य को ऐसे कीचड़ में डाल दिया है कि वहां से निकालते-निकालते हमारे पसीने छूट गये। जनता को इस सरकार से उम्मीद नहीं, बल्कि विश्वास है कि हम उसके साथ हैं। इसी विश्वास की बदौलत जनता ने फिर से सत्ता हमारे हाथों में सौंपी है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सरकार का पक्ष रख रहे थे।

हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के ये नेता अपने लच्छेदार भाषणों और बातों से राज्य के सीधे-सादे लोगों को भ्रम में डालने की कोशिश करते हैं। परदे के पीछे इतना बड़ा खेल ये लोग खेलते हैं कि आदिवासी और पिछड़े समाज की बात तो दूर, साधारण पढ़े-लिखे लोग भी इनके इस खेल को नहीं समझ पाते हैं। ये लोग इतना बड़ा घालमेल करते हैं। लेकिन इनमें से कुछ लोग ऐसे हैं, जिनको कुछ लोग मजबूती से पकड़ लेते हैं। जब वे फंसते हैं, तब उनको बड़ी तकलीफ होती है। हमारी सरकार जात-पात से उपर उठकर हर समूह और समाज के लोगों के लिए काम कर रही है। राज्य के सभी लोगों तक समान अधिकार पहुंचाने का संकल्प हमने लिया है।

(शेष पेज 05 पर)

### सारी ताकत लगा दी, फिर भी विपक्ष में हैं

हेमंत ने कहा कि विपक्ष की सारी साजिशों के बावूजद हमारी सरकार ने अनगिनत काम किये। इसको बताने की जरूरत नहीं है। इन्होंने सारी ताकत और एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने का काम किया, लेकिन फिर भी विपक्ष में बैठे हैं। जनता इनके असली चेहरे को पहचान चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी तो सरकारी की नयी पारी शुरुआत है। अभी तो पहला ओवर भी पूरा नहीं हुआ है। विपक्ष को अभी पांच साल खेलना है और बॉल फेंकना है। हर बॉल में छक्का पड़ेगा।

### विपक्ष ने आलोचना का दायित्व निभाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किस तरह से विकास की प्राथमिकता को लेकर आगे बढ़ रही है, इसका बहुत साफ संकेत राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में दिया। विपक्ष के लोग सरकार की आलोचना कर एक तरह से अपने कथित दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। विपक्ष के कुछ नेता ऐसे हैं, जिनको सरकार का कोई भी काम अच्छा नहीं लगता। चाहे वो सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार का काम हो, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार का काम हो, इनको कोई भी काम अच्छा नहीं लगता। हमारी सरकार की कोई ऐसी योजना नहीं है, जो किसी को जाति या धर्म के आधार पर बांटती हो। हां, ये अलग बात है कि जो अत्यधिक कमजोर हैं, उनको हमारी सरकार प्राथमिकता देने का काम करती है।

## भाजपा फर्जी वोटरों की मदद से दिल्ली जीती: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में कहा कि भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटों के जरिए जीता। इसमें चुनाव आयोग ने मदद की। भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग के कार्यालय में बैठकर ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनायी है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के भी हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा है। कहा कि मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे वोटर लिस्ट की जांच करें।

# हजारीबाग हिंसा: राज्यपाल ने सीएम से मामले को गंभीरता से लेने को कहा

- पेसा कानून को लागू करने पर भी की बात
- घटना में तीन लोगों को किया गया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस वार्ता के क्रम में राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व के दिन बुधवार को हजारीबाग में घटित हिंसा की घटनाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने सरकार को मामले को गंभीरता से लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सभी जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दें। इसके अलावा राज्यपाल ने राज्य में पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शीघ्र नियमावली गठित करने का भी निर्देश दिया। गौरतलब है कि इचाक में महाशिवरात्रि के दिन लाउडस्पीकर तथा झंडा लगाने के विवाद में दो समुदायों के बीच पथराव हुआ था। इसमें कई लोग घायल हुए थे। कई वाहनों में आग लगायी गयी थी। फिलहाल वहां की स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस वहां गुरुवार को भी तैनात रही। इस बीच पत्थरबाजी और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के मामले में इचाक पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इनकी पहचान शिवकुमार उर्फ बुला उम्र 25 वर्ष, पिता स्वर्गीय बंगाली महतो, बुला उर्फ अजीत उम्र 23 पिता बद्री महतो और अशरफ मियां उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय इब्राहिम मियां शामिल है। तीनों ग्राम डुमरौन थाना इचाक जिला हजारीबाग के रहने वाले हैं।

## एल खियांग्ते बने जेपीएससी अध्यक्ष

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्य सचिव एल खियांग्ते को जेपीएससी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। राज्य सरकार ने खियांग्ते के नाम का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर तत्काल निर्णय लेते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को इस पर मुहर लगा दी। राज्यपाल ने इस नियुक्ति के साथ आशा व्यक्त की कि इससे राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी और आयोग द्वारा सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार समयबद्ध और सुचारू रूप से होगा।



## वक्फ बिल को कैबिनेट की मंजूरी

# 14 बदलावों को दी गयी मंजूरी

- 10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में आना संभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनैट की रजामंदी मिल गयी थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 79,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 97,000 रु./प्रति किलो |



# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

महाकुंभ संपन्न हुआ। एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़ कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गयी थी।

तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है।

बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी।

प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नये सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गये।

मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता, स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा।

और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।

इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाये, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गये, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है।



ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है।

प्रयागराज में जितनी कल्पना की गयी थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था, लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगायी।

आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पायेंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।

साथियों, महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वतजनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नये दिशा-निर्देश मिलते थे।

इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नये सिरे से नयी परंपराओं को गढ़ा जाता था।

144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नये संदेश भी दिये जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नये अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का।

जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गये। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है।

साथियों, आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है, जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराये थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किये हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है।

भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगायी थी। विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधीजी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती, लेकिन हम तब ये नहीं कर पाये। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है।

वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नयी प्रेरणा लेते हुए, नये संकल्पों को साथ लेकर चलें। हम एकता के महामंत्र को जीवन मंत्र बनायें, देश सेवा में ही देव सेवा, जीव सेवा में ही शिव सेवा के भाव से स्वयं को समर्पित करें।

साथियों, जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगाजी, यमुनाजी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार नदी उत्सव जरूर मनायें। ये एकता का महाकुंभ हमें इस बात की प्रेरणा देकर गया है कि हम अपनी नदियों को निरंतर स्वच्छ रखें, इस अभियान को निरंतर मजबूत करते रहें।

मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से मां, यमुना से मां, सरस्वती से हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गयी हो तो क्षमा करियेगा। जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का ही स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गयी हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं।

साथियों, श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुंचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने, उनकी सेवा का दायित्व भी श्रद्धा के सामर्थ्य से ही पूरा हुआ है। यूपी का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगीजी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिल कर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाईकर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम करके इस महाकुंभ को सफल बनाया। विशेष कर, प्रयागराज के निवासियों ने इन 45 दिनों में तमाम परेशानियों को उठा कर भी जिस तरह श्रद्धालुओं की सेवा की है, वह अतुलनीय है। मैं प्रयागराज के सभी निवासियों का, यूपी की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

साथियों, महाकुंभ के दृश्यों को देख कर, बहुत प्रारंभ से ही मेरे मन में जो भाव जगे, जो पिछले 45 दिनों में और अधिक पुष्ट हुए हैं, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर मेरी आस्था, अनेक गुना मजबूत हुई है।

140 करोड़ देशवासियों ने जिस तरह प्रयागराज में एकता के महाकुंभ को आज के विश्व की एक महान पहचान बना दिया, वो अद्भुत है।

देशवासियों के इस परिश्रम से, उनके प्रयास से, उनके संकल्प से अभिभूत मैं जल्द ही द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा और श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा।

महाकुंभ का स्थूल स्वरूप महाशिवरात्रि को पूर्णता प्राप्त कर गया है। लेकिन मुझे विश्वास है, मां गंगा की अविरल धारा की तरह, महाकुंभ की आध्यात्मिक चेतना की धारा और एकता की धारा निरंतर बहती रहेगी।

**(प्रधानमंत्री के ब्लॉग से)**

## कैग रिपोर्ट में झारखंड की स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली का खुलासा

# कोविड प्रबंधन के लिए मिले 756.42 करोड़ का इस्तेमाल नहीं

### स्वास्थ्य सेवाओं में मानव संसाधन की भारी कमी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर बदहाली उजागर की है। विधानसभा में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा गुरुवार को पेश इस रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड ने कोविड प्रबंधन के लिए मिले 756.42 करोड़ का इस्तेमाल नहीं किया। रिपोर्ट में चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और पारा मेडिकल कर्मी की भारी कमी का भी जिक्र किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार राज्य में कोविड-19 प्रबंधन के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाये गये। 756.42 करोड़ की राशि का उपयोग नहीं किया गया। इसमें से 291.87 करोड़ भारत सरकार का हिस्सा है और 145.10 करोड़ राज्य का हिस्सा है। रिपोर्ट में पाया गया है कि राज्य में कोविड-19 दवाओं का बफर भंडार प्रबंधन कमजोर है। आठ दवाओं के आकलन के विरुद्ध दो दवाएं राज्य में उपलब्ध नहीं थी और चार दवाएं भी 37 से 85 प्रतिशत तक कम थीं।

**मानव संसाधन में कमियां :** रिपोर्ट के अनुसार झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं में मानव संसाधन की भारी कमी है। 21 से 80 प्रतिशत तक मेडिकल ऑफिसर कम हैं, जबकि 14 से 76 फीसदी तक स्टाफ नर्स और 50 से एक सौ फीसदी तक पारा मेडिकल कर्मी कम हैं। राज्य के छह मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक के करीब आधे पद खाली हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं में कमियां :** रिपोर्ट में पाया गया है कि जिन जिलों की नमूना जांच की गयी, उन जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा नमूना-जांचित अस्पतालों में ओटी और आइसीयू की कमी थी।

**दवाइयों और उपकरणों की कमी :** रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि राज्य में दवाइयों, उपकरणों और अन्य उपभोग्य सामग्रियों की उपलब्धता में कमियां हैं। नमूना-जांचित जिला अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की कमी 66 से 94 प्रतिशत के बीच थी, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह कमी 15 से एक सौ प्रतिशत के बीच थी। राज्य में स्वास्थ्य अवसंरचना कमजोर है। कई स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में भवनों की कमी है और कई भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं।

**वित्तीय प्रबंधन भी कमजोर :** रिपोर्ट में पाया गया है कि राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वित्तीय प्रबंधन कमजोर है। राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटित निधियों का उपयोग पूरी तरह से नहीं किया गया है और कई योजनाओं में विलंब हुआ है।

### सिफारिशें

- राज्य सरकार को डॉक्टरों और नर्सों की भर्ती करनी चाहिए।
- आवश्यक दवाओं और उपकरणों की व्यवस्था करनी चाहिए।
- स्वास्थ्य विभाग में प्रबंधन में सुधार करना चाहिए।
- स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना चाहिए।
- शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए कदम उठाने चाहिए।
- स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कदम उठाने चाहिए।
- ऑपरेशन थिएटर और इंटेंसिव केयर यूनिट की सुविधा को बढ़ाने के लिए कदम उठाने चाहिए।

## निर्माण कर्मकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य में भारी कमी
## शहरी स्थानीय निकायों ने उपकर की राशि जमा नहीं की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री ने कैग की रिपोर्ट सदन में पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में निर्माण कर्मकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के मामले में कई कमियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार चार नमूना-जांचित जिलों में 24 निर्माण स्थलों का संयुक्त भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें पाया गया कि केवल 15 प्रतिशत कर्मकार ही बोर्ड के साथ पंजीकृत थे।

**पंजीकरण और सुविधाओं की कमी :** रिपोर्ट में पाया गया है कि 220 कर्मकारों में से केवल 34 कर्मकारों को बोर्ड के साथ पंजीकृत पाया गया। शेष कर्मकार अपंजीकृत पाये गये और उन्हें बोर्ड द्वारा संचालित किसी भी कल्याणकारी योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके अलावा रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि कर्मकारों को आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। निर्माण स्थलों पर कर्मकारों को उचित सुरक्षा सामग्री नहीं मिल रही है, और न ही उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

**सुरक्षा सामग्री की कमी:** रिपोर्ट में पाया गया है कि झारखंड नियमावली के नियम 47 और 55 के अनुसार, नियोक्ताओं से यह अपेक्षा की गयी थी कि कर्मकार निर्माण कार्य करते समय सुरक्षा जूते, जलरोधक जूते/कोट, हेलमेट, जैकेट आदि जैसे उपयुक्त सुरक्षा सामग्री पहनें। लेकिन लेखापरीक्षा दल ने पाया कि कर्मकारों को उचित सुरक्षा सामग्री नहीं मिल रही है।

**शहरी स्थानीय निकायों ने उपकर की राशि जमा नहीं की :** झारखंड में उपकर संग्रहण में अनियमितताएं हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पांच शहरी स्थानीय निकायों ने निर्माण गतिविधियों पर 24.18 करोड़ की राशि का उपकर एकत्र किया था, लेकिन उन्होंने मार्च 2022 तक बोर्ड के खाते में राशि जमा नहीं की थी।

**स्थानीय निकायों ने उपकर की राशि अपने पास रखी :** 26 स्थानीय निकायों ने उनके द्वारा की गयी निर्माण गतिविधियों पर 10.33 लाख का उपकर एकत्र किया था, लेकिन उन्होंने मार्च 2022 तक राशि जमा नहीं की थी। उन्होंने कहा कि बोर्ड के बैंक खाते की जानकारी और विवरण के अभाव में राशि जमा नहीं की गयी थी।

### बोर्ड ने उपकर संग्रहण के लिए तंत्र विकसित नहीं किया

बोर्ड ने उपकर संग्रहण प्राधिकारियों द्वारा एकत्रित उपकर का आवधिक अभिलेख और विवरणियां प्राप्त करने के लिए कोई तंत्र विकसित नहीं किया था। ये अनियमितताएं उपकर संग्रहण में कमियों को दर्शाती हैं। निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए आवश्यक सुविधाएं नहीं मुहैया करायी गयी हैं और न ही उनका पंजीकरण किया गया है। राज्य सरकार ने बोर्ड को उपकर की राशि का अंतरण नहीं किया है। इसके अलावा बोर्ड ने उपकर की राशि का संग्रहण करने वाले अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित नहीं किया है।

### राज्य सरकार ने 658.67 करोड़ की उपकर राशि बोर्ड को अंतरित नहीं की

झारखंड में उपकर संग्रहण में अनियमितताएं हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य सरकार ने 658.67 करोड़ की उपकर राशि बोर्ड को अंतरित नहीं की है, जो कि भवन और अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित है।

### फैक्ट फाइल

- राज्य सरकार ने 658.67 करोड़ की उपकर राशि बोर्ड को अंतरित नहीं की।
- पांच शहरी स्थानीय निकायों ने निर्माण गतिविधियों पर 24.18 करोड़ की राशि का उपकर एकत्र किया, लेकिन उन्होंने मार्च 2022 तक बोर्ड के खाते में राशि जमा नहीं की।
- 26 स्थानीय निकायों ने उनके द्वारा की गयी निर्माण गतिविधियों पर 10.33 लाख की राशि का उपकर एकत्र किया, लेकिन उन्होंने मार्च 2022 तक राशि जमा नहीं की।
- बोर्ड ने उपकर संग्रहण प्राधिकारियों द्वारा एकत्रित उपकर का आवधिक अभिलेख और विवरणियां प्राप्त करने के लिए कोई तंत्र विकसित नहीं किया था।
- निर्धारण अधिकारी ने उपकर की शेष राशि जमा करने के लिए संबंधित आवेदकों को नोटिस जारी किया, लेकिन बकाया राशि की वसूली अभी बाकी है।

# हजारीबाग हिंसा मामला पर सदन में हुआ हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि के दौरान हजारीबाग के ईचाक में दो गुटों के बीच हुई हिंसक घटना पर विपक्ष जहां सत्ताधारी दलों पर हमलावर है, तो सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद ने भी ईचाक की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इस बीच फिर एक बार राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने ईचाक की घटना पर बोलते-बोलते आरएसएस और भाजपा पर तीखी बात कह दी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जो भी कानून हाथ में लेगा उस पर कठोरता और सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह देश प्यार और मोहब्बत से चलता है, लेकिन भाजपा और आरएसएस की विचारधारा देश को तोड़ने वाली विचारधारा है। उन्होंने कहा कि हम मोहब्बत का पैगाम फैलाते हैं, अमन-चैन और शांति की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य का विकास चाहती है, लेकिन भाजपा के लोग ऐसा नहीं चाहते हैं।

**ईचाक की घटना पर सरकार संवेदनशील : हेमलाल :** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि ईचाक की घटना पूर्व नियोजित नहीं, बल्कि अचानक हुई घटना है। सरकार पूरे मामले पर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति घटना के लिए दोषी हैं, उन पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही हेमलाल मुर्मू ने कहा कि भाजपा के शासन में भी इस तरह की घटनाएं होती थी।

**घटना दुर्भाग्यपूर्ण : संजय सिंह यादव :** झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक संजय सिंह यादव ने कहा कि ईचाक की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कौन क्या कहता है, इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

## झारखंड सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम : बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड राज्य पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश महाशिवरात्रि के हर्षोल्लास में डूबा हुआ था, तब हजारीबाग आग की लपटों में झुलस रहा था। महाशिवरात्रि जुलूस पर पत्थरबाजी और हिंसक झड़प की घटना ने साबित कर दिया कि झारखंड सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम है। उन्होंने कहा कि झारखंड, विशेषकर हजारीबाग में हिंदुओं के पर्व त्योहार पर हिंसा का यह पहला मामला नहीं है। विगत कुछ सालों के दौरान रामनवमी, नवरात्रि, सरस्वती पूजा और महाशिवरात्रि के त्योहार में लगातार सुनियोजित साजिश के तहत समुदाय विशेष द्वारा हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। अनहोनी की आशंका होने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा न तो सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किये गये, न ही उपद्रवियों पर कोई ठोस कार्रवाई की गयी। तुष्टिकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी झारखंड सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि अगर हमारे पर्व त्योहारों में सुनियोजित हमलेबाजी को नहीं रोका गया, तो सनातन हिंदू समाज अपने धर्म, अपने संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम है। साथ ही उन्होंने झारखंड पुलिस को हजारीबाग के हिंसक घटना में शामिल सभी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# विधानसभा में 5508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पेश

## महिला बाल विकास और शिक्षा पर ज्यादा जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। गुरुवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ध्यानाकर्षण के बाद सदन में कुल 5508 करोड़ का अनुपूरक पेश किया। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को 176.48 लाख, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) को 241.34 लाख, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख, उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग को 180.75 का प्रावधान किया गया है। वित्त



विभाग को 10471.61 लाख, पेंशन मद में 50,000 लाख, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 14289.39 लाख, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को 150 लाख उद्योग विभाग के लिए 274.54 लाख का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी शिक्षा विभाग को 18850.43 लाख एवं प्राथमिक एवं बजट शिक्षा प्रभार को 39293.50 लाख, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 26668.69 लाख और ग्रामीण कार्य विभाग को 87329 लाख का प्रावधान किया गया है।

### सीपी सिंह की टिप्पणी से सदन में माहौल गरमाया

## मदरसा से पढ़ कर आये, इस वजह से शब्द का ज्ञान नहीं : सीपी सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सरकार के दो-दो मंत्री पर जैसे ही तीखी टिप्पणी की सदन का माहौल गरमा गया। दरअसल, सीपी सिंह मंईयां सम्मान योजना की लंबित राशि और 18-50 साल की हर महिलाओं को सम्मान राशि देने की मांग कर रहे थे। वे मंईयां सम्मान योजना के प्रावधान में विधवा और विकलांग महिलाओं को भी सम्मिलित करने की मांग सरकार से कर रहे थे।

इस दौरान सीपी सिंह ने सरकार की ओर से सदन में जवाब दे रहे मंत्री चमरा लिंडा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 'हेलमेट पहने कौन मंत्री हैं, उन्हें हम पहचान नहीं पा रहे हैं'। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बारे में कहा कि 'वे मदरसा में पढ़ कर आये हैं इस वजह से शब्द ज्ञान नहीं है'।

आपको बता दें कि चमरा लिंडा सदन में टोपी पहने हुए थे और सरकार की ओर से सीपी सिंह के सवाल का जवाब दे रहे थे। वहीं सीपी सिंह की इस टिप्पणी के बाद सदन का माहौल गरमा गया। हालांकि इस दौरान स्पीकर रवींद्रनाथ महतो स्थिति को संभालने में सफल रहे।

### विधायक सीपी सिंह के बयान पर भड़के स्वास्थ्य मंत्री

## उनकी तबीयत खराब है, कांके भेजना होगा : इरफान अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पूर्व मंत्री सीपी सिंह के बीच कटु शब्दों का दौर जारी रहा। इचाक में महाशिवरात्रि के दौरान हुई घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह ने घटना को मदरसे से जोड़ दिया। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सदन के बाहर विधायक सीपी सिंह को इलाज के लिए कांके में भर्ती कराने की बात कह दी।

दरअसल, सीपी सिंह ने कहा कि मदरसों में हिंदू त्योहारों पर पत्थर और पत्थर फेंकने की शिक्षा दी जाती है। सीपी सिंह ने इरफान अंसारी और आरएसएस के बारे में भी शब्दबाण चला कर मर्यादा लांघ दी। वहीं डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जिस तरह से सीपी सिंह बयान दे रहे हैं और मंत्रियों को पहचानते भी नहीं हैं, उससे लगता है कि उनकी तबीयत खराब है। इरफान अंसारी ने कहा कि सीपी सिंह का बीपी चेक करना पड़ेगा और उन्हें कांके भेजना होगा। आप लोग चिंता न करें, हम सीपी सिंह को थेरेपी देंगे। उन्होंने कहा कि मेरा अतिरिक्त विषय संस्कृत रहा है, सीपी सिंह को उर्दू पढ़नी चाहिए।


नवम् पुण्यतिथि




आपकी स्मृतियां सदैव हम सभी के मानस पटल पर अंकित रहेगी। नवम् पुण्यतिथि पर हम सभी की ओर से आपको हार्दिक श्रद्धांजलि।

आपकी यादों में :
अमरेन्द्र कुमार (पुत्र) – रूबी देवी
इन्दु देवी – विजय कुमार
रमेन्द्र कुमार – अनिता देवी
शशांकराज, सृष्टिराज, सुर्यांशराज, सारांशराज (दर्श)





## झुमरीतिलैया में युवक का शव बरामद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने झुमरीतिलैया थाना अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय परिसर से थोड़ी दूर एक रास्ते से एक युवक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा था। अब मृतक की पहचान गिरिडीह जिले के नगवां निवासी 45 वर्षीय प्रकाश चौधरी के रूप में की गयी है। सदर अस्पताल में युवक की मौत की सूचना पर पहुंची उसकी सास गिरिडीह जिले के मालडा निवासी गायत्री देवी ने बताया कि उसका दामाद पिछले कई साल से दिल्ली में रहता था। उसकी पत्नी और 8 साल की बेटी कुछ दिन पहले गायब हो गयी थी। जिसे लेकर वह काफी दुखी था। कुछ दिन पहले ही वह अपनी पत्नी और बेटी को खोजते हुए अपने घर आया था। इसके बाद वह कुछ दिनों से अपने ससुराल में ही रह रहा था। उसकी सास ने बताया कि बुधवार को वह अपनी बेटी और पत्नी को खोजने के लिए उसे साथ लेकर दिल्ली जाने के लिए कोडरमा पहुंचा था। जहां वह उसे स्टेशन पर ही बैठा कर नाश्ता लाने की बात कह कर चला गया था। जानकारी के अनुसार मृतक ब्लॉक परिसर में काफी देर से तड़प रहा था। इसे देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद वहां पुलिस के जवान पहुंचे जो बगल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक को बुलाकर उसकी जांच कराने का प्रयास किया। मगर वहां चिकित्सक मौके पर नहीं मिलने के कारण उसका इलाज नहीं हो सका। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल ले जाने को लेकर एंबुलेंस को भी कॉल किया था। मगर एंबुलेंस भी नहीं पहुंचा। काफी देर तक युवक बेचैनी की हालत में तड़पता रहा। इसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## चार एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया गया नष्ट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गरमोरवा के बेलवा जंगल और कस्बातरी जंगल में अवैध रूप से लगाये गये लगभग 4 एकड़ अवैध अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। चौपारण थाना प्रभारी ने अपने अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बलों और वन विभाग की टीम के साथ अभियान चलाकर नष्ट किया। इस संदर्भ में अवैध अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित की जा रही है।

## केरेडारी में प्रज्ञा संचालकों की बैठक आयोजित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्र संचालकों की एक बैठक गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में जाति, आय और आवासीय प्रमाणपत्रों के ऑनलाइन आवेदन में पाये जाने वाले त्रुटियों के निराकरण पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मुख्य रूप से प्रपत्र सही रूप से अपलोड करने और उसकी एक प्रति सुरक्षित रखने, सरकार के पत्र 1754 दिनांक 25 मार्च को जारी दिशा निर्देश के अनुसार आवेदन को ऑनलाइन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नोटरी से जारी शपथ पत्र डुप्लीकेट की स्थिति में आवेदक को खुद से शपथ पत्र संलग्न करना होगा। आवेदन में आवेदक के अभिभावक का हस्ताक्षर आवश्यक होगा और वंशावली में मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर अनिवार्य होना जरुरी है, इसके साथ ही खतियान की छायाप्रति में अभिभावक का हस्ताक्षर होना भी अनिवार्य है व आवेदन के साथ आवेदक और आवेदक के माता पिता का आधार स्व हस्ताक्षरित कर संलग्न करना अनिवार्य है। मौके पर अनुज कुमार, टेक्नारायन महतो, प्रभु कुमार, पिंटू कुमार, संदीप कुमार, सोनू कुमार, राजेश कुमार, कीर्तन कुमार, मंदीप कुमार दास, कुलेश्वर ठाकुर, पप्पू कुमार दास, बैजनाथ कुमार, कामेश्वर कुमार, नेतलाल कुमार, रोहित कुमार, रितलाल कुमार, जुगेश्वर कुमार और शोनू कुमार सहित दर्जनों प्रज्ञा संचालक मौजूद थे।

## लोगों को कानून की बुनियादी जानकारी दी गयी




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के निर्देश के आलोक में महाशिवरात्रि मेले के पावन अवसर पर ध्वजाधारी आश्रम कोडरमा में एक स्टॉल लगाकर लोगों को कानून की बुनियादी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर लोगों के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी लोगों को दी गयी। वहीं पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा लोगों के बीच पर्चा बांटकर उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों की जानकारी के साथ-साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के फ्रंट ऑफिस पीएलवी पांडेय शेखर प्रसाद, रविंद्र कुमार, सखी वन स्टॉप सेंटर की पी एल वी मोनिका कुमारी, बाल कल्याण समिति की पीएलवी नेहा सिन्हा, किशोर न्याय बोर्ड के पीएलवी मनोज कुमार सहित अन्य कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## सतगावां में भारतीय रिजर्व बैंक ने किया वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत मीरगंज ग्राम रजौर में गुरुवार को भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से स्वाधार फिनक्सेस संस्था द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका विषय वित्तीय समझदारी, समृद्ध नारी इस कार्यक्रम में ग्राम रजौर और पचौड़ी की महिलाओं को बैंक की विभिन्न प्रकार की योजना की जानकारी दी गयी। साथ ही साथ साइबर सुरक्षा के प्रति भी महिलाओं को जानकारी दी गयी ताकि उनके मेहनत की जमा पूंजी को कोई साइबर ठग ना सके। कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता केंद्र के जिला प्रभारी अमनदीप गुप्ता और अग्रणी जिला प्रबंधक कोडरमा बैंक ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वधार फीनक्सेस के वित्तीय साक्षरता केंद्र से प्रभारी रत्नेश कुमार और प्रशिक्षक विपिन रविदास और ग्राम की महिलाओं दीदियों ने भाग लिया।

### इचाक के डुमरौन में सांप्रदायिक तनाव का दूसरा दिन

# सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा तीन गिरफ्तार, भेजे गये जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र के डुमरौन में दो संप्रदाय के बीच हुए हिंसक झड़प के बाद दूसरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा रहा। जहां तहां पुलिस गस्ती कर रही है। चौक चौराहों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। सभी लोग अपने घरों में बंद है। कहा जाए तो 24 घंटे के बाद भी इलाके में दहशत का माहौल है। प्रशासन आम लोगों से अपील कर रही है कि वह अफवाह पर ध्यान ना दे। शांति से अपना दिनचर्या करें। 24 घंटे बीत जाने के बाद स्थिति नियंत्रण में है। प्रशासन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गश्ती भी तेज कर दी है। इस घटना में 45 लोगों पर नामजद और 200 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज किया गया है, तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है जिन्हें गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। जिस जगह पर सबसे अधिक पथराव हुई थी वहां विशेष रूप से नजर रखा जा रहा है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए इलाके में सघन जांच चल रहा है।

**क्या है मामला**

डुमरौन के हिंदुस्तान चौक पर शिवरात्रि के दिन भगवा झंडा और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दोनों समुदाय में विवाद हो गया, जिसके बाद जम कर पथराव हुआ और सांप्रदायिक तनाव हो गया। उसके बाद उग्र भीड़ ने कई बाइक और वाहन को आग के हवाले भी कर दिया था। पुलिस की तत्परता से मामले को शांत कराया गया था।

जिस जगह पथराव हुई थी वहां राजकीय प्राथमिक उर्दू विद्यालय भी है। जहां लगभग 170 बच्चे पढ़ाई करने के लिए पहुंचते हैं। घटना के दूसरे दिन स्कूल तो खुला था लेकिन विद्यार्थी नहीं पहुंचे। हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने भी लोगों से अपील की है अफवाह पर ध्यान ना दे और शांति व्यवस्था कायम रखें।

### शांति समिति की हुई बैठक



जिले के इचाक प्रखंड के डुमरौन में दो संप्रदाय के बीच हिंसक झड़प के 36 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है। धीरे-धीरे स्थिति भी सामान्य हो रही है। लोग अब घर से बाहर निकल रहे हैं तो दूसरी ओर जिला प्रशासन इचाक थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की है। जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही यह तय किया कि हर एक व्यक्ति के जिम्मेवारी है कि अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में जिला प्रशासन की मदद करें। समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ एएसपी अमित कुमार, एसडीओ लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आई पी एस सह थाना प्रभारी श्रुति समेत अन्य पदाधिकारीयों ने इचाक थाना में शांति समिति की बैठक की। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। यह तय किया कि आने वाले समय में इस तरह की घटना की पुनार्वृति नहीं होगी। साथ ही लोगों ने चर्चा किया कि स्थानीय लोगों को भी शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अपील करेंगे। बैठक में एक कमिटी बना कर शांति व्यवस्था कायम करने की भी बात कही गयी। बैठक को सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, बीडीओ संतोष कुमार, दारू इंस्पेक्टर शहीद रजा, पेलावल इंस्पेक्टर बिनोद कुमार, एसआई संतोष कुमार सिंह समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित हुए।

### कोल और नन कोल बियरिंग एरिया के विस्थापितों की समस्या को विधायक ने विस के पटल पर रखा

## निजी क्षेत्र में 75% स्थानीयों को मिले नौकरी: रोशनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने झारखंड विधानसभा में तृतीय कार्य दिवस में बड़कागांव की समस्याओं को रखते हुए बड़कागांव की समस्याओं पर विधानसभा के पटल में रखा और कहां की हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं। कि बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में एनटीपीसी लिमिटेड और उनके एमडीओ कंपनी के द्वारा कॉल माइंस पकरी बरवाडीह, केरेडारी चट्टी बरियातू, बादम कॉल बैरिंग एरिया नॉन कॉल बेरिंग एरिया से प्रभावित विस्थापितों और एनटीपीसी जिंदल, जेएसडब्ल्यू बादम के विस्थापितों को भू-अर्जन अधिनियम 1894 और भू -अर्जन पुनर्वास स्थापना के उचित पत्रिका और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2000 के पहली दूसरी और तीसरी अनुसूची के अनुसार किसी कंपनी के द्वारा विस्थापितों को सुविधा नहीं दिया जा रहा है। नियोजन में अकुशल श्रेणी के श्रमिकों को छोड़ बाहर के लोगों को नियुक्त किया जा रहा है । अतः सदन के माध्यम से उपरोक्त सभी को भू - अर्जन पुनर्वास स्थापना अधिनियम के अनुसार विस्थापितों को सुविधा देने की मांग करता हूं। इन नियमों के तहत विस्थापितों प्रभावितों और ग्रामीणों को उनका हक और अधिकार देना होगा सरकार के नियमावली के अनुसार 75 प्रतिशत नियोजन से स्थानीय को जोड़ना होगा उक्त सभी मांग सदन में बड़कागांव के विधायक ने विस्तार पूर्वक रखा है।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के गुरुवार की दोपहर बांझेडीह फोर लाइन में दो बाइक की जोरदार टक्कर में दोनों बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान सूरज कुमार पासवान (उम्र 22 वर्ष पिता राजू पासवान, ग्राम गजरो ढाब घाम), रोहित कुमार यादव (उम्र 18 वर्ष, ग्राम हिरोड़ीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से बांझेडीह की तरफ जाने के दौरान फोर लेन में दो बाइक की जोरदार टक्कर हो गये। दोनों बाइक में दो लोग गंभीर रूप से घायल होगा जिसके बाद चंदवारा थाना प्रभारी के द्वारा दोनों घायल को कोडरमा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज करके रोहित यादव को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स कर दिया गया।

## खनन विभाग की छापेमारी, बालू लदे छह ट्रैक्टर जब्त

**इसके पूर्व भी तीन बालू लदे ट्रैक्टर और स्टोन चिप्स लदे दो हाईवा को पकड़ा गया था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** खनन विभाग के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। यह जांच अभियान गुरुवार 5 बजे सुबह बड़कागांव थाना क्षेत्र के नदियों से बालू का खनन कर परिवहन किये जाने के मामले में कुल 6 ट्रैक्टर टॉली सहित पकड़ा गया। जिसपर बालू लदा हुआ था। इस कार्रवाई के उपरांत अवैधकर्ताओं के विरूद्ध कटकमदाग थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया। जिसकी थाना कांड संख्या 40/25 है। इसके पूर्व भी दिनांक 24 फरवरी को तीन बालू लदे ट्रैक्टर और स्टोन चिप्स लदे दो हाईवा को पकड़ा गया था। खनन विभाग द्वारा बड़कागांव अवस्थित दो बालू स्टॉक यार्ड के जांच के क्रम में अनियमितता पाये जाने के कारण नियम संगत आवयश्क कार्रवाई की जा रही है।

## विभा चंदन ने नेट की परीक्षा में पायी सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के सोनपुरा निवासी राजेश्वर प्रसाद दांगी की पत्नी विभा चंदन ने नेट (असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता परीक्षा) में सफलता प्राप्त की है। इन्होंने मैट्रिक हिन्दू हाई स्कूल हजारीबाग से 75 प्रतिशत, इंटर संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग से 63 प्रतिशत, बीए भूगोल संत कोलंबा कॉलेज से 65 प्रतिशत और ए.एम भूगोल विनोबा भावे विश्वविद्यालय से 72 प्रतिशत के साथ उतीर्ण हुवी है। वहीं यूजीसी नेट की परीक्षा में 93 परसेंटाइल अंक लाकर सफलता प्राप्त की। विभा एक साल के पुत्र की मां भी है। इन्होंने गृहणी कामकाज के साथ अपनी तैयारी जारी रखी। इन्होंने सफलता का श्रेय अपने पति राजेश्वर प्रसाद सास चमनी देवी ससुर नीरू महतो माता संजू देवी पिता मनोज कुमार कुशवाहा और शिक्षकों को दी है। इस सफलता पर इन्हें पॉलिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार, प्रोफेसर डॉ. सरोज कुमार सिंह, डॉ.रंजीत कुमार दास, निदेशक शशि कुमार कुशवाहा, प्राचार्य रामचरित्र प्रसाद दांगी, लखन प्रसाद दांगी और दर्जनों लोगों ने बधाई दी है।

## ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की मौत

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** गुरुवार रात 7.30 बजे कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग जलवाबाद के समीप ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। घायल की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक मे तीन युवक सवार होकर कोडरमा बाजार की तरफ जा रहे थे। जलवाबाद चौक के समीप ट्रेलर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो युवक बाल बाल बच गये। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ट्रेलर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# ब्राउन शुगर के साथ दो लोग गिरफ्तार

**गिरफ्तार लोगों से तलाशी लेने के बाद पुड़िया में बंधे 1.20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस द्वारा 1.20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो क्रेता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि डोकाटांड़ -मलडी रोड में ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री के लिए कुछ लोग जुटे हुए हैं। वरीय पदाधिकारी को सूचना और निर्देशन में तुरंत एक टीम गठित करते हुए मलडी रोड के तीन मुहाना पर पुलिस पहुंची। पुलिस को देखते ही वहां एकत्रित लोग भागने लगे। इसी दौरान पुलिस ने दौड़ाकर दो लोग पंकज कुमार पिता अमेरिका विश्वकर्मा ग्राम उरीमारी और मिथिलेश कुमार पांडे पिता सूर्यनंदन वेद ग्राम सियाल थाना भुरकुंडा को गिरफ्तार कर किया गया। गिरफ्तार लोगों से तलाशी लेने के बाद पुड़िया में बंधे 1.20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। दोनों गिरफ्तार लोगों से पूछे जाने के बाद बताया कि बड़कागांव निवासी रोहित कुमार दांगी से हम लोग ब्राउन शुगर खरीदारी कर रहे थे। जब रोहित कुमार दांगी के पास नहीं उपलब्ध रहता है तो बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला निवासी मुकेश ठाकुर सिकंदर ठाकुर और विकास ठाकुर के पास भी खरीदारी करते हैं। जांच पड़ताल के बाद बड़कागांव थाना कांड संख्या 41/25 धारा 21(ए) 27 (ए) 29 एनडीपीएस के तहत गिरफ्तार दोनों लोग पंकज कुमार और मिथिलेश कुमार पांडे को जेल भेजा गया। इस दौरान ब्राउन शुगर भरा 4 पीस बीड़ी, कई सामग्री सहित एक लूना जेएच02एआर -4661 भी बरामद किया गया। छापामारी दल में आशीष भगत, इंद्रजीत कुमार, अमित कुमार सहित कई सदस्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## महिलाओं को कानूनी जानकारी दी गयी



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मसकेडीह पंचायत भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के सचिव गौरव खुराना के नेतृत्व में पारा लीगल वॉलंटियर करिश्मा कुमारी वर्मा ने पंचायत की महिलाओं को मुफ्त कानूनी की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में आये दिन महिलाएं पर हो रही उत्पीड़न जैसी घट रही घटनाएं को देखते हुए। महिलाओं को सशक्त रहने की जरूरत है।

## सिटी डायग्नोस्टिक लैब का उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के अस्पताल चौक में सिटी डाइग्नोस्टिक लैब का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अब किसी भी तरह के जांच के लिए दूर शहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। इस संबंध में बताया गया कि सिटी डाइग्नोस्टिक पूर्ण रूप से कंप्यूटराइज है, सभी प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध हैं, इसीजी भी की जायेगी। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा है जिसमें दो तरह के रजिस्ट्रेशन होते है जिसमें क्रमश दस प्रतिशत और बीस प्रतिशत की छूट दी जाती है। लैब का प्रधान कार्यालय हजारीबाग में है जो कौशल्या प्लाजा गाड़ीखाना हजारीबाग है। शुरुआत में कलेक्शन सेंटर रूप में विष्णुगढ़ में कार्य किया जायेगा। मौके पर प्रशांत प्रधान, प्रो सोनम प्रिया, सुधा प्रधान, डॉ प्रदीप प्रधान, डॉ इम्तियाज, डॉ संगीता कुमारी, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, सोबरन भगत, संजीव बख्सी, विभूति सिन्हा, डॉ रूपेश गुप्ता, विजय कुमार, उर्मिलेश झा, दीपू अकेला, मनोज शीतल, इकबाल अहमद, इमरान खा, संदीप कुमार, भोला प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत


**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महथाखैरा गांव के समीप बुधवार की रात्रि टोटो और बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गयी। घटना में टोटो चालक एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है, जबकि एक टोटो पर सवार अन्य एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सतगावां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं बाइक सवार भागने में सफल रहे। जानकारी के मुताबिक बुधवार की देर रात को बासोडीह नवादा मुख्य सड़क पर महथाखैरा गांव के निकट तेज बाइक सवार और टोटो में सीधी टक्कर में टोटो सवार दो युवक आ गये, जिसमें माधोपुर गांव निवासी 20 वर्षीय कन्हैया कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। जबकि गंभीर रूप से जख्मी एक युवक सचिन कुमार उम्र 22 वर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इधर सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय गुप्ता दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन टोटो और मोटरसाइकिल को जब्त कर थाने लाया गया। घायल युवक का इलाज कर रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने बताया कि युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिस कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया।

## जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋण जमा अनुपात वृद्धि, जिला ऋण योजना की उपलब्धि, सभी सरकारी ऋण योजना, शिक्षा ऋण, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, बाजार समूह को डिजिटल सेवा से जोड़ने, स्टार स्व-रोजगार प्रशिक्षण आरसेटी, बैंक रेंकिंग, कृषि ऋण, मत्स्य और डेयरी ऋण, प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही जून तिमाही में ऋण जमा अनुपात 42.35 प्रतिशत रहा, जिसमें पिछली तिमाही से 0.69 वृद्धि आई है , वहीं जून तिमाही 2023 से 5.13 प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई। उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को ऋण जमा अनुपात में वृद्धि लाने का निर्देश दिया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही जून तिमाही तक कुल ऋण लक्ष्य का 33.68 प्राप्त कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा ऋण लक्ष्य प्राप्ति में खराब प्रदर्शन करने वाले बैंक को अगली तिमाही तक सुधार लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अग्रणी जिला प्रबंधक श्रीनिवास कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी समेत सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

## हिंदू पर्व त्योहार में ही झंझट क्यों: डॉ बालेश्वर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर जो मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा उपद्रव मचाया गया वह काफी निंदनीय है मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं और पुलिस प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द उन उपद्रवियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दे क्योंकि यह जो कार्य किया गया है वह माफी के लायक नहीं है। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह बड़कागांव के पूर्व विधायक प्रतिनिधि डॉ बालेश्वर कुमार प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। आगे उन्होंने कहा है कि हर बार हिंदू त्यौहार में ही उपद्रवियों के द्वारा बदमाशी क्यों किया जाता है। चाहे वह रामनवमी हो, सरस्वती पूजा हो, शिवरात्रि हो या फिर कोई भी हिंदू देवी देवता का त्योहार हो तो उसमें मुस्लिम समुदाय के कुछ उपद्रवियों के द्वारा विघ्न पैदा किया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि 66 करोड़ लोग ने जो महाकुंभ में स्नान किया और किसी भी प्रकार का कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं हुआ उसके लिए मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देता हूं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा प्रयागराज में 16प्रतिशत मुस्लिम निवास करते हैं वजूद इसके किसी भी प्रकार की कोई विवाद नहीं हुआ और मैं खुद देखा कि वहां के मुस्लिम समाज के लोगों ने भी संगम स्नान करने आए श्रद्धालुओं के लिए अपना दरवाजा खोलकर उनका स्वागत सत्कार कर रहे थे। जो काफी सराहनीय है इसके लिए भी मैं वहां के मुस्लिम भाइयों को धन्यवाद देता हूं। आगे उन्होंने या कहा कि बड़कागांव में भी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेले का आयोजन किया गया और शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मेला संपन्न हुआ इसको लेकर मैं बडकागांव की पुलिस प्रशासन व समस्त समुदाय के लोगों को धन्यवाद देता हूं।

पेज 01 को शेष

## राज्य को ऐसे कीचड़ में ...

**सत्येंद्र तिवारी और सीपी सिंह पर साधा निशाना:** मुख्यमंत्री ने पिछले दो दिनों में बालू मुद्दे पर बोलनेवाले भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी और सीपी सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सदन में बालू मुद्दे पर बहुत चर्चा हुई। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने भी विधानसभा में बालू का मुद्दा उठाया। मैं इनको पहले से जानता हूं। बालू, ठेका और टेंडर से इनका पुराना नाता रहा है। इसलिए बालू का मुद्दा इनके लिए सबसे ज्यादा अहम है। उन्होंने कहा इस संबंध में राज्य सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी नहीं किया है, जिसका पालन नहीं किया गया हो। सीपी सिंह ने बुधवार को बालू मुद्दे पर सदन में बात रखी थी। इस पर हेमंत सोरेन ने कहा कि सीपी सिंह को इस बात की तकलीफ है कि उन्हें मुफ्त में बालू नहीं मिल रहा है। जब हमारे मंत्री ने इन से कहा कि किस गरीब को बालू नहीं मिल रहा, उसका नाम पता दें, तो अब तक नहीं दे पाये। इस संबंध में किसी गरीब आदमी ने अगर शिकायत की है, तो हम उसका जरूर संज्ञान लेंगे। कहा इस तरह के निराधार आरोप लगाने से सरकार घबराने वाली नहीं है।

**आने वाले पांच साल में रिम्स का नया रूप दिखेगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में जितने सदस्यों ने जो भी समस्या रखी है, उसे हमारी सरकार ने गंभीरता से लिया है। किसी भी मुद्दे को हम नजरअंदाज करने नहीं जा रहे हैं। लेकिन इन सबके पीछे, परदे के पीछे कोई अपना मॉडल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, तो ये हम नहीं होने देंगे। उन्होंने एयर एंबुलेंस, मंईयां योजना समेत अन्य बातों का जिक्र किया। साथ ही रिम्स की चर्चा करते हुए कहा कि यहां क्षमता से अधिक मरीज पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने रिम्स के पुन; जीर्णोद्धार का काम शुरू किया है। आने वाले पांच साल में रिम्स नये स्वरूप में देखने को मिलेगा। साथ ही रांची में एक और मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने की योजना पर काम शुरू हो गया है।

**सीमित संसाधन में सरकार कर रही काम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार भेदभाव का रवैया अपना रही। मार्च आने वाला है, लेकिन अभी तक पैसे नहीं मिले हैं। पैसे के अभाव में सीमित संसाधन में सरकार काम कर रही है। इसका कोई मलाल नहीं है। यह सरकार सीमित संसाधन में भी बेहतर कर दिखायेंगी, यह वादा है।

**कैंसर होने को लेकर फैलायी अफवाह:** हेंमत सोरेन ने कहा कि मुंह पर मास्क लगाया तो अफवाह फैला दी कि मुख्यमंत्री को गंभीर बीमारी हो गयी है। उनके फेफड़ों में संक्रमण हो गया है, उन्हें कैंसर हो गया। ये सिर्फ बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।

## बिटिया की शादी को लेकर इनरव्हील क्लब ने बढ़ाया हाथ, की मदद




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जरूरतमंदों की सेवा और आर्थिक रूप से गरीब व असहाय लोगों की मदद करने को लेकर इनरव्हील क्लब निरंतर कार्य कर रही ही। ऐसा ही कार्य गुरुवार को इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में एक गरीब बेटी की शादी के लिए हर संभव मदद की गयी। क्लब के द्वारा नए कपड़े, कॉस्मेटिक सामग्री, डिनर सेट, बेड शीट, पर्स, जूते, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित आर्थिक रूप से मदद की गयी। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार, नवलजीत कौर, स्वीटी सोनी, रंजू अरोड़ा, श्वेता जैन, नमिता सर्राफ, ममता अग्रवाल, जसविंदर होरा आदि उपस्थित थी।

## पोक्सो एक्ट के फरार आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट के फरार आरोपी को गुरुवार लगभग 2 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि आरोपी फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के हुमाजंग गांव निवासी फैजान उर्फ फैयाज उर्फ गजाली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, जहां से आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन परिवहन और भंडारण के रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम 13 जनवरी 2025 में हुए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन परिवहन और भंडारण के रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में सीटीओ में निहित सभी शर्तों का अनुपालन सख्ती के साथ सुनिश्चित करने, परियोजनान्तर्गत रोड स्वैपिंग मशीन का अविलम्ब क्रय करते हुए कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। जिससे लोगों को कोल वाहनों या कोल से उड़ने वाले धूल कण की समस्याओं से निजात मिल सके। कोयला परियोजनाओं को टैंकरों पर जीपीएस लगाने हेतु संबंधित ट्रांसपोटर्स को निर्गत किये गये पत्र और ट्रांसपोटर्स द्वारा कोलियरी को दिये गये जवाब की प्रति जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बॉडी एक्सटेंडेड वाहनों को लेकर महाप्रबंधक, आम्रपाली द्वारा बताया गया कि कोलियरी क्षेत्र में कोयला का परिवहन में बॉडी एक्सटेंडेड वाहनों का उपयोग नहीं की जा रही है। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध अंचल द्वारा कारेवाई की समीक्षा की गयी। खनन पदाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरूद्ध माह-जनवरी तक का तुलनात्मक कार्रवाई प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए कहा वित्तीय वर्ष 2023-2024 में खनिज लोड पकड़े गये 128 वाहनों को जब्त करते हुए 78 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अवैध परिवहन करते हुए 82 वाहनों को जब्त किया गया, जिससे जुर्माना राशि 1862194 रुपया की वसूली की गयी है। वहीं 2024-25 में अब तक खनिज लोड 148 वाहनों को जब्त करते हुए 83 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अवैध परिवहन में कुल जब्त 164 वाहनों से 25,08,162 रुपया की जुर्माना राशि वसूल की गयी है। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला खनन पदाधिकारी मनोज कुमार टोप्पो, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, सभी संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने करायी प्रेमी युगल की शादी

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के धमना टांड़ गांव में बीती रात को ग्रामीणों ने एक प्रेमी युगल की शादी करा दिया। बताया गया कि धमना टांड़ गांव निवासी बेबी कुमारी पिता जीतू महतो का प्रेम प्रसंग मुरुबंदा गांव निवासी चंदन महतो पिता रामप्रसाद महतो के साथ वर्षों से चल रहा था। बुधवार की रात को वह अपने प्रेमिका से मिलने धमना टांड़ गांव आया हुआ था। इसी दौरान इसकी भनक ग्रामीणों को लगी। ग्रामीणों ने दौड़ा कर युवक को पकड़ लिया। इसके बाद पूछताछ किया। पूछ ताछ के क्रम में युवक ने प्रेम की कहानी साझा किया। ग्रामीणों ने रात को ही दोनों की शादी स्थानीय मंडप में कर दिया।

# सोसोकलां पथराव मामला: पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद सांसद का धरना समाप्त

**सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मनीष जायसवाल ने हिंदू विरोधी ताकतों को मुहतोड़ जवाब देने का लिया संकल्प**

**मामला सोसो कलां में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक समुदाय के द्वारा पथराव का**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला के सोसो कलां गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक समुदाय के दवारा पथराव किये जाने के मामले में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को डाकबांग्ला परिसर में आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए धरना प्रदर्शन किया। इससे पूर्व हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने घटना स्थल में पहुंचकर आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस प्रशासन को पंद्रह दोनों का अल्टीमेटम दिया था। तय अवधी में प्रशासन में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि एक विशेष समुदाय के लोग सरकार के संरक्षण में सांप्रदायिक तनाव फैला रहे हैं। रोज पूरे राज्य में कहीं ना कहीं इस तरह की घटना घटित हो रही है। पुलिस प्रशासन के पास लोग आवेदन देते थक गये हैं। हम मारपीट खाएं और हम पर उल्टा मुकदमा भी किया जाये। यह जिला की पुलिस का असली चेहरा है। हेमंत सोरेन की सरकार जब से बनी है सनातनियों पर अत्याचार किया जा रहा है। आज पूरे राज्य में गो हत्या बंद है। लेकिन चितरपुर में दिनदहाड़े गो हत्या किया जा रहा है। पूरे बांग्लादेशी को दामाद बनाकर बसाया जा रहा है। सनातनियों पर अत्याचार होने पर सूचना दें। पुलिस से पहले हम लोग पहुंचकर कार्रवाई करेंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि आज सनातनियों को एक जुट रहने की आवश्यकता है। सभा का संचालन विजय जायसवाल और मंडल अध्यक्ष बबलू साव ने किया।

### मौके पर ये थे उपस्थित

रामगढ़ बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, बीजेपी नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर चौधरी, प्रो.संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, राजीव जायसवाल, रंजीत पांडेय, रंजन फौजी, राजू चतुवेर्दी, रमेश वर्मा, पुरुषोत्तम पांडेय, पंचम चौधरी, विजय कुमार ओझा, मनोज कुमार महतो, बबलू साव, अशोक कुमार, रवि हाजरा मनसू वेदिया, गौतम महतो, अजय ओझा, राजेंद्र कुशवाहा, दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर,शीतल सिंह, स्नेहलता चौधरी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, आजसू नेता जलेश्वर महतो, गोविंद मुंडा, युगेश महतो, महेंद्र महतो, अंगद महतो, पंकज कुमार महतो, शरद त्रिपाठी, गोविंद मुंडा, ममता सोनी, दिनेश महतो, जलेश्वर महतो, जया देवी, लालचंद महतो, सोसोकलां ग्रामवासी राही चौधरी, धनेश्वर ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया।

### जिला प्रशासन ने सांसद से की वार्ता

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मनीष जायसवाल के धरने में बैठने के करीब चार घंटे के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन का एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर पहुंचा। वार्ता के दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सरकार के इशारे पर एक पक्ष को सहयोग करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चियों के साथ मारपीट हुआ वो नाबालिक है। आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट क्यों नहीं लगा, एक महीने बीतने के बाद भी चार्जशीट क्यों नहीं फाइल हुआ, पुलिस के सामने घटना घटी और पुलिस के साथ भी मारपीट और धक्कामुक्की होने के बावजूद पुलिस के तरफ एफआइआर क्यों नहीं किया गया और उल्टा दूसरे समुदाय पर ही झूठे एफआइआर क्यों दर्ज कर दिया गया। लगातार वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से सांसद मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया गया कि विधिसम्मत अगर पॉक्सो एक्ट लगेगा तो जरूर लगाया जायेगा साथ ही एक महीने के अंदर इस घटना की चार्टशीट की कार्रवाई पूरी कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा और दूसरे समुदाय पक्ष पर हुए एफआइआर की जांच कर जो दोषी नहीं होंगे उनका नाम केस से हटाया जायेगा। प्रशासन की ओर से वार्ता करने पहुंचे रामगढ़ एसडीओ अनुराग तिवारी, डीएसपी हैडक्वाटर चंदन वत्स, गोला सीओ समरेश भंडारी, बीडीओ सुधा वर्मा, रजरप्पा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पाण्डेय और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में सांसद मनीष जायसवाल ने धरने में शामिल लोगों से सहमति लेने के बाद इस अनिश्चितकालीन धरने को तत्काल समाप्त कर एक महीने के अंदर इस मामले पर कार्रवाई पूर्ण नहीं होने पर पुन: इस मामले को लेकर उग्र आंदोलन करने की बात कही।

## पतरातू में 1.76 करोड़ की लागत से बनेगा 50 सोलर स्वचालित जल मीनार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के पतरातू प्रखंड में 1.76 करोड रुपए की लागत से 50 सोलर स्वचालित जल मीनार बनाया जायेगा। यह घोषणा रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को की है। पीवीयूएनल द्वारा सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को 1.76 करोड रुपए की राशि दी गयी। इस राशि से आने वाली गर्मियों के मौसम में जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का काम होगा। पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को डीसी चंदन कुमार को चेक सौंपा गया। डीसी ने पीवीवीएनएल द्वारा की गयी इस पहल की सराहना की। पीवीयूएनएल द्वारा उपलब्ध करायी गयी राशि से रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनारों का अधिष्ठापन कराया जायेगा। वहीं सोलर स्वचालित जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा कराया जायेगा।

## रोजगार सृजन मेला में कुल 1239 युवक-युवतियों को किया गया पंजीकृत

# 729 को किया गया शॉर्टलिस्ट, 221 को मिला ऑफर लेटर



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर डीआरडीए प्रशिक्षण भवन चतरा में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 मेला का आयोजन किया गया। यह मेला राज्य ग्रामीण विकास विभाग के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत आयोजित था। इस मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप ने उपस्थित युवाओं को अपने संबोधन में रोजगार सृजन पर तीन मुल मंत्र की सीख दी। अवसर का इंतजार करना, अवसर का तलाश करना और अवसर का स्वयं सृजन करना। साथ ही साथ उन्होने यह भी बताया कि वर्तमान में प्रतियोगिताओं का दौर है और तकनीक का विस्तार हुआ है। ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। किसी काम को करने के लिए नींव को मजबूत करना जरूरी है और नींव को मजबूत करने के लिए मेहनत अति आवश्यक है। जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम चतरावासियों के लिए रोजगार को लेकर सुनहरा अवसर प्रदान करता है। जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने कहा कि रोजगार से एक परिवार का विकास होता है, गांव का विकास होता है। साथ ही जिला और राज्य का विकास होता है। जिससे एक बेहतर और विकसित देश का निर्माण होता है। जेएसएलपीएस के डीपीएम गौरव कुमार जायसवाल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिलवाकर सभी युवाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस योजना ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 35 वर्ष के युवाओं को, जो किसी कारण बस अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पायें, उन्हें विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराया जाता है। 3568 युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न नियोक्ताओं ने भी युवक-युवतियों को प्रेरित किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले को किया गया सम्मानित

रोजगार के क्षेत्र में लक्ष्य के विरुद्ध बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर हंटरगंज, दूसरे स्थान पर प्रतापपुर और तीसरे स्थान पर चतरा प्रखंड रहा। इनके बीपीएम को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले समुदायिक समन्वयक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जे एस एल पी एस के जिला प्रबंधक नागेश्वर कुमार, पप्पू कुमार, बिमलेश विश्वकर्मा, अमोद कुमार, फरहान, साद समेत सभी संबंधित कर्मी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनी माता शबरी की जयंती



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के टेकठा गांव में गुरुवार को माता शबरी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह भुईयां समाज के केंद्रीय सचिव दिलेश्वर भुइयां, जिप सदस्या देवती देवी, मुखिया सुबेश राम, प्रयाग राम शामिल हुए। वहीं भुईयां समाज के महिला-पुरुष और बच्चों ने माता शबरी की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रों के बीच पूजा-अर्चना की। परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्य अतिथि दिलेश्वर भुइयां ने कहा कि भगवान राम ने माता शबरी के जूठे बैर खाकर भक्त और भगवान के प्रेम का उदाहरण दिया हैं। भगवान राम की युगों-युगों तक राह देखने वाली माता शबरी ने पशुओं की जान बचाने के लिए विवाह नहीं किया था। शबरी ने अपने तोड़े हुए मीठे बेर राम को दिए थे और देश में महान नारी के रुप में पूजी जाने लगी। इस मौके पर बनवारी साव, अध्यक्ष राजू भुईयां, दिलिप भुईयां, महेन्द्र भुईयां, सुभाष पाहन, वासुदेव भुईयां, चरका भुईयां, कमलेश भुईयां, उमेश, गांगुली, अर्जुन राम समेत कई लोग उपस्थित थे ।

# गालिब के खिलाफ जारी हुआ वारंट, केरल हाइकोर्ट ने अंतर धार्मिक जोड़े को दिया पुलिस प्रोटेक्शन


आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से अपहत की गयी युवती आशा वर्मा को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है। एसपी अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि अपहरण कांड संख्या 38/25 में पुलिस ने न्यायालय से वारंट मांगा था। न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। लेकिन आशा वर्मा की याचिका पर सुनवाई के दौरान केरल हाईकोर्ट ने अंतर धार्मिक शादी करने वाले जोड़े को पुलिस प्रोटेक्शन दे दी है। हाई कोर्ट ने साफ कहा है कि जब तक उनकी याचिका की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है केरल से आशा और गालिब को कहीं भी बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद फिलहाल आशा को वापस रजरप्पा लाना और गालिब को गिरफ्तार करना रामगढ़ पुलिस के लिए मुश्किल हो गया है। एसपी ने बताया कि आशा वर्मा के भाई रौनक कुमार वर्मा ने अपनी बहन के अपहरण कांड में चितरपुर, दर्जी मोहल्ला निवासी मो गालिब और उसके सहयोगियों के बारे में जिक्र किया था। वर्तमान समय में गालिब खान उर्फ राजा केरल राज्य के अलपुंझा जिला अंतर्गत कायमकुलम थाना क्षेत्र में मौजूद है। रामगढ़ पुलिस की टीम उस थाना क्षेत्र में पहुंची हुई है। न्यायालय से जारी वारंट भी टीम को भेज दिया गया है। केरल उच्च न्यायालय ने झारखंड के एक अंतर धार्मिक जोड़े आशा वर्मा और मो गालिब को पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दिया है।

### 10 वर्षों से रिलेशन में है आशा और गालिब

याचिकाकर्ता, आशा वर्मा और मोहम्मद गालिब जो दो अलग-अलग धर्मों से ताल्लुक रखते हैं, झारखंड के रामगढ़ जिले से हैं। वे पिछले दस सालों से रिलेशनशिप में थे और अपने परिवारों की धमकी के कारण वे 09 फरवरी, 2025 को केरल चले गए। 11 फरवरी को अलपुझा जिले के कायमकुलम में इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार शादी करने वाले जोड़े को अपने परिवारों से धमकियां मिल रही हैं। याचिकाकर्ता लड़की ने कहा कि उसके परिवार द्वारा उसे यह आरोप लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है कि उसका अपहरण कर लिया गया है और कहा कि उनकी जान को खतरा है। याचिकाकर्ताओं ने पुलिस सुरक्षा की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें देश में कहीं भी रहने और स्वतंत्र रूप से शादी करने का अधिकार है। अधिवक्ता श्रवण एम.एस., अखिल राज बी., गया एस लता, श्रीकांत थंबन, अरुण राज, विष्णु विजयन, अमीषा जॉर्ज, बेन्सन बेनी द्वारा याचिका दायर की गयी है।

## जहरीले प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए विधायक से लगायी मदद की गुहार



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र हेहल और चैनगड्डा स्थित प्लांट से निकलने वाले जहरीले धुएं से जन जीवन पर बुरे प्रभाव को लेकर स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी से मुलाकात कर सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा किये गये हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में आजसू के केंद्रीय सदस्य रविन्द्र मुंडा, समाजसेवी गिरी शंकर महतो, भाजपा नेता बिट्टू महतो, उमेश महतो, राजेंद्र सिंह और अन्य लोग शामिल रहे। सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र वार्ड संख्या उन्नीस हेहल में स्थित मां छिन्मस्तिका सीमेंट और स्टील प्राइवेट लिमिटेड और वार्ड नंबर सत्रह में स्थापित वेंकटेश स्पंज एंड आयरन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार किए जा रहे विषैला रसायन युक्त धुंआ के उत्सर्जन से चैनगड्डा, हेहल, बनगड्डा, घुटवा सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना, दुर्गी बस्ती, छोटकाकाना सहित दर्जनों गांव की आबादी जान माल के खतरे में जीने को विवश है। जहरीले धुएं के कारण जलस्तर में कमी, भूमि में उत्पाद क्षमता की कमी के साथ क्षेत्र में हजारों की संख्या में टीवी, अस्थमा जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है। आरटीआइ से मिली सूचना के आधार पर पिछले कुछ सालों में गंभीर बीमारी से सैकड़ों लोगों की जान चली गयी है। ज्ञापन के माध्यम से लोगो ने बताया है कि जहरीले प्रदूषण के खिलाफ जब भी स्थानीय लोगों के द्वारा प्रजातांत्रिक तरीके से विरोध किये जाने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, मल्हार व स्थानीय लोगों पर झूठे और बनावटी मुकदमे फंसा दिया जाता है, ताकि कोई भी व्यक्ति फैक्ट्री की मनमानी में दखल न दे। लोगों ने विधायक से जहरीले प्रदूषण से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

# प्रतापगढ़ से तीनों युवक का शव पहुंचते गमगीन हुआ माहौल

**परिजनों के चित्कार से लोगों के आंखें हुई नम, क्षेत्रों में पसरा सन्नाटा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** महाकुंभ से स्नान कर अयोध्या जाने के क्रम में भुरकुंडा-भदानीनगर के तीन युवक और रांची के एक युवक की यूपी के प्रतापगढ़ में मंगलवार की अहले सुबह करीब 3 बजे कार दुर्घटना में मौत हो गयी थी। जबकि कार में सवार तीन युवक घायल हो गये। दुर्घटना में निधन हुए भदानीनगर निवासी अभिषेक ओझा, चिकोर निवासी सन्नाउल्ला अंसारी और भुरकुंडा जवाहर नगर हनुमानगढ़ी निवासी सौरभ कुमार के शव को प्रतापगढ़ से एक ही एम्बुलेंस में बुधवार को दोपहर ढाई बजे भुरकुंडा लाया गया। शव के घर पहुंचते ही माता-पिता और परिजनों के चित्कार से पुरा माहौल गमगीण हो गया। वहीं उपस्थित लोगों के आंखों से भी आंसू छलक पड़े। मृतक अभिषेक ओझा और सौरभ कुमार का अंतिम संस्कार गिद्दी दामोदर नदी श्मशान घाट पर किया गया। सौरभ को मुखाग्नि छोटा भाई गौरव कुमार और अभिषेक ओझा को मुखाग्नि चाचा भोला ओझा ने दिया। इधर भदानीनगर चिकोर निवासी मो. सन्नाउल्ला अंसारी को चिकोर उपर टोला कब्रिस्तान में दफनाया गया। अंतिम यात्रा में तीनों जगहों सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं शोक संवेदनाओं का तांता लगा रहा।

शव के घर पहुंचते ही माता-पिता और परिजनों के चित्कार से मर्माहत हुआ क्षेत्र भदानीनगर में जैसे ही विधासागर ओझा के आवास में पुत्र अभिषेक का शव पहुंचा, चहुंओर रोन-बिलखने की आवाज से पुरा क्षेत्र मर्माहत हो गया। वहीं भुरकुंडा हनुमानगढ़ी पुरान सिनेमा हॉल मुहल्ला में एम्बुलेस के पहुंचते ही मृतक सौरभ की एक झलक देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घर की महिलाओं का रोना और चित्कार से पुरा मुहल्ला रो पड़ा। इधर चिकोर में भारी संख्या में लोग सन्नाउल्ला को अंतिम विदाई देने पहुंचे। घर का एकलौता कमाऊ बेटा के इस तरह जाने से पिता नासिर अंसारी और माता का रो-रोकर बुरा हाल था। सनाउल्ल के मौत से उसके 5 वर्षीय पुत्र मो. सैफी और 9 माह की बेटी मरियम नाज बस टकटकी लगाये उमड़े भीड़ को देख रही थी। पत्नी महजनबी नाज बेसुध पड़ी थी। महिलायें एक-दूसरे से लिपट कर रो रही थीं। वहीं भुरकुंडा, भदानीनगर आसपास के क्षेत्र मातम का माहौल पसरा रहा।

## अच्छे कर्मों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत: मनीष जायसवाल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** यज्ञ जहां भी होता हैं वहां साक्षात सभी देवी देवताओं का आगमन होता है। उक्त बातें हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने कही। श्री जयसवाल साण्डी कांटी फैक्ट्री स्थित शिव नगर कॉलोनी में आयोजित श्री श्री 1008 पंच दिवसीय शिव शक्ति सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में बुधवार की रात्रि पहुंचकर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यज्ञ समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि अपने निजी जीवन में अच्छे कर्मों को आत्मसात करने का प्रयास करें। ताकि हिंदू समाज मे जागरूकता आने के साथ दुनिया में हम सबसे आगे रहे। इससे पूर्व यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, यज्ञ संचालक राकेश कुमार पांडेय, नवीन पांडेय, प्रभाकर पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, सौरभ पांडेय द्वारा यजमान बने हरिनंदन चौधरी, रामदेव यादव, राजू चौधरी सपत्नीक के हाथों सर्वप्रथम सामूहिक हवन,पूणाहुति, बसोधारा, कन्या पूजन, आरती, पुष्पांजलि, मूर्ति विसर्जन आदि कार्य कराए गए। इसके बाद महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। वही पंडितो द्वारा रक्षा सूत्र बांधते हुए सांसद को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# परिसीमन की तलवार

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने 'दक्षिणी राज्यों के सिर पर लटकती डी-लिमिटेशन की तलवार' के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुला कर यह साफ कर दिया है कि इस मसले को अब और टालना संभव नहीं होगा। यह भी स्पष्ट है कि इस पहल के जरिए उन्होंने सारे दक्षिणी राज्यों की चिंता को स्वर दिया है।

**संवैधानिक जरूरत :** डी-लिमिटेशन या परिसीमन दरअसल एक संवैधानिक जरूरत है जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है संसद में जनता के प्रतिनिधित्व और आबादी में हो रही बढ़ोतरी का अनुपात ठीक बना रहे। संवैधानिक संशोधन के जरिए पहले 1976 में 25 वर्षों के लिए और फिर 2002 में साल 2026 तक के लिए इसे टाल दिया गया। 2011 के बाद 2021 में जो जनगणना होनी थी, कोविड के चलते वह भी टल गयी। हालांकि सरकार ने अभी कोई तारीख नहीं घोषित की है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले साल तक जनगणना का काम पूरा हो जाने के बाद परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होगी।

**अहमियत घटने का डर :** चूंकि परिसीमन का आधार क्षेत्र विशेष की जनसंख्या को बनाया जाता रहा है, इसलिए दक्षिणी राज्यों को डर है कि इसके परिणास्वरूप राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका और अहमियत कम हो जायेगी। उनका डर निराधार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि जनसंख्या के मामले में दक्षिणी राज्यों के मुकाबले उत्तर भारत कहीं आगे है।

> 2011 की जनगणना के मुताबिक जहां उत्तर के सिर्फ दो राज्य - यूपी और बिहार- देश की कुल आबादी का 25 फीसदी थे वहीं साउथ के पांचों राज्य मिला कर महज 21 फीसदी। ताजा सरकारी अनुमानों के मुताबिक यह प्रतिशत क्रमशः 26 और 19.5 हो चुका है।

**यूपी-बिहार हावी :** आजादी के बाद जहां साउथ के राज्यों ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए वहीं परिवार कल्याण योजनाओं के जरिए आबादी की बढ़ोतरी को भी काबू किया। 2011 की जनगणना के मुताबिक जहां उत्तर के सिर्फ दो राज्य - यूपी और बिहार- देश की कुल आबादी का 25 फीसदी थे वहीं साउथ के पांचों राज्य मिला कर महज 21 फीसदी। ताजा सरकारी अनुमानों के मुताबिक यह प्रतिशत क्रमशः 26 और 19.5 हो चुका है। जाहिर है, आबादी के आधार पर परिसीमन लोकसभा में दक्षिणी राज्यों के सांसदों की संख्या कम करेगा। स्टालिन ने कहा भी है कि तमिलनाडु को कम से कम आठ सीटों का नुकसान होगा।

**अच्छे प्रदर्शन का नुकसान :** यह भी एक तथ्य है कि दक्षिण के राज्य देश के कॉरपोरेट और इनकम टैक्स में एक चौथाई का योगदान करते हैं, जबकि यूपी और बिहार का योगदान महज 3 फीसदी बैठता है। इस मसले को कैसे हल किया जाता है, यह देखना होगा, लेकिन इस दलील में दम है कि देश के किसी भी हिस्से को उसके अच्छे प्रदर्शन का नुकसान नहीं होने देना चाहिए।


अभिमत
आजाद सिपाही

> उपेंद्र सिंह देव की निशानेबाजी की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थीं। नेपाल महाराज (काठमांडू) में आदमखोर बाघ किसी के पकड़ में नहीं आ पाया। उन लोगों ने इन्हें उसे मारने के लिए निमंत्रण दिया। इन्होंने यहां से अपने कुछ साथियों के साथ जाकर वहां बाघ का शिकार किया। इससे खुश होकर समय के जो राजा के मुख्यमंत्री ने अपनी बेटी का विवाह इनके साथ किया।

# बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे राजा उपेंद्र सिंह देव



डॉ मोहम्मद जाकिर



राजा उपेंद्र सिंह देव : (28 फरवरी 1910 - 29 सितंबर 1960)

छोटानागपुर पठार में स्थित सिल्ली रियासत रातू के अधीन आता था। रियासत के अंदर 84 मौजा थे, जिसे 1840 में 87 गांव लिखा गया। एक मौजा के अंदर तीन से चार गांव को रखा जाता था। सिल्ली का लगान रातू रियासत को जाता था।

सिल्ली राज क्षत्रिय परमार कुल के हैं, इनके पूर्वज मालवा राज्य में उज्जैन के शासक थे। 13वीं शताब्दी में पलायन कर वे छोटा नागपुर महाराज के यहां आये और महाराज ने उन्हें अपने दरबार का हिस्सा बनाया। तब सिल्ली में चतुर साय नामक राजा का शासन था। उसने छोटा नागपुर महाराज को लगान देना बंद कर दिया था। उसके आतंक और क्रूरता के कारण सिल्ली वासी त्रस्त थे। अतः गांव वालों ने जाकर महाराज से गुहार लगायी। उन्होंने अपनी सेना के साथ उज्जैन के क्षत्रिय राजकुमारों को युद्ध लड़ने भेजा। तब सिल्ली क्षेत्र बीहड़ जंगल का इलाका था। युद्ध में चतुर साइ की मृत्यु हो गयी और सिल्ली राज्य की शासकीय उज्जैन के राजकुमारों को दी गयी, जिसका वह निर्वहन करते रहे।

इन्हीं के वंशजों में पृथ्वी नाथ सिंह राजा हुए उनकी दो पत्नी थी। बड़ी रानी से पुत्र गोपाल एवं छोटी पत्नी से 17 लड़के हुए। जिनका नाम भोलानाथ, राधानाथ, बिनंद सिंह आदि थे। पृथ्वी नाथ की मृत्यु के बाद गोपाल सिंह को सिल्ली का राजभार सौंपा गया, जिससे भोलानाथ खुश नहीं थे। उन्होंने मौका पाकर गोपाल सिंह की हत्या कर दी। साथ में गोपाल सिंह की गर्भवती पत्नी की भी हत्या की साजिश की गयी, परंतु कुछ वफादार लोगों ने गुप्त रूप से उन्हें चातमबाड़ी में मुंडाओं के बीच में छुपा कर रखा। गोपाल सिंह की पत्नी ने अपने बेटे को चातमबाड़ी में ही पालन पोषण किया। उनका नाम आसमान सिंह रखा गया। आसमान सिंह बचपन से अपने पिता और अपने राज्य के बारे में अपनी माता से कहानी सुनते थे। आसमान सिंह ने बड़े होने के बाद आदिवासी तथा गांव वालों के साथ मिल कर अपना राज्य वापस लेने के लिए भोलानाथ के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया, जिसमें भोलानाथ एवं उनके कुछ भाइयों की मृत्यु हो गयी। आसमान सिंह जब राजा हुए, तब उन्होंने अपने चाचा बिनंद सिंह को रातू महाराजा के पास भेजा और सिल्ली में हो रही घटनाओं के बारे में उन्हें अवगत कराया। ऐसा कहा जाता है कि बिनंद सिंह ने महाराज के सामने अपनी बात रखते हुए सिल्ली राजघराने के पारंपरिक गीत भी सुनाया।

सिल्ली राजघराना में राजाओं को अपने पूर्वजों के नाम से संबोधित करने का प्रचलन था, यहां के राजाओं में आसमान सिंह, पृथ्वी नाथ सिंह, गोपाल सिंह, नारायण सिंह के नाम से ही संबोधित किया जाता था। जब नारायण सिंह के पुत्र की मृत्यु कम उम्र में हुई, तब उनके बाद जो पुत्र का जन्म हुआ। उसका नाम लक्ष्मी नारायण रखा गया। इसी तरह अलग नाम रखा जाने लगा। इसी घराने में राजा उपेंद्र सिंह देव का जन्म 28 फरवरी 1910 को हुआ। वे एक पराक्रमी राजा थे। उनके राज्य में सभी प्रजा खुशहाल थे। उन्होंने अंग्रेजों से टक्कर ली। अंग्रेजों के खिलाफ उन्होंने पंच परगनिया के लोगों को एकजुट करने की कोशिश की। अंग्रेजों ने जब पूरे प्रखंड में पूजा-पाठ और महोत्सवों को मनाने में रोक लगा दिया। उन्होंने श्री हरि मंदिर की स्थापना कर वहां पर हरि कीर्तन की शुरुआत करायी। हरि मंदिर के बगल में गोल घर की स्थापना किया, ताकि गोल घर से अंग्रेजों पर हमला किया जा सके। अंग्रेजों से लड़ने के लिए सबके पास हथगोला, बंदूक एवं तलवार जैसे हथियार थे। वे एक माहिर निशानेबाज थे। अक्सर आखेट को जाया करते थे। उन्होंने कई जानवरों का शिकार किया था, जिसमें हिरण, चीता, बाघ आदि थे। इनकी निशानियां आज भी सिल्ली स्थित राजबाड़ी में मौजूद हैं।

उपेंद्र सिंह देव की निशानेबाजी की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थीं। नेपाल महाराज (काठमांडू) में आदमखोर बाघ किसी के पकड़ में नहीं आ पाया। उन लोगों ने इन्हें उसे मारने के लिए निमंत्रण दिया। इन्होंने यहां से अपने कुछ साथियों के साथ जाकर वहां बाघ का शिकार किया। इससे खुश होकर समय के जो राजा के मुख्यमंत्री ने अपनी बेटी का विवाह इनके साथ किया।

बहुआयामी प्रतिभा के धनी राजा उपेंद्र सिंह देव राजपाट चलने के साथ-साथ वेद के ज्ञाता, संगीत प्रेमी और जड़ी-बूटी, आयुर्वेदिक एवं बहुत सारे रोगों का देसी उपचार भी करते थे। वे सितार, ढोलक, तबला, सारंगी, बांसुरी, शहनाई वायलिन, पिकोलो, मंदार, हारमोनियम, वीणा, नगाड़ा, ढाक बजाने में माहिर थे। वे झूमर संगीत के विद्वान थे। कृष्ण रास की बहुत सारी कविताएं एवं झूमर उन्होंने लिखा। उन्होंने विनंद सिंह देव द्वारा लिखी हुई झूमर को संगीत में जोड़ कर लिखा और प्रकाशित 'आदि झूमर संगीत' के नाम से करायी। साथ ही उन्होंने 'छोटा नागपुर ताल मंजरी' भी लिखा।

स्वर्गीय राजा उपेंद्र नाथ सिंह देव के जयंती के अवसर पर सिल्ली में बड़े धूमधाम से झुमर सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम को लेकर सिल्ली राजबाड़ी से कार्यक्रम स्थल तक एक शोभा यात्रा निकाली जाती है। इसमें राजपरिवार के सदस्य एवं कलाकारों का दल गाजे बाजे के साथ सांस्कृतिक शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल तक पहुंचते हैं। यह कार्यक्रम सिल्ली डेमोक्रेटिक क्लब परिसर में आयोजित किया जाता है। इसमें डोमेस्टिक क्लब व पंचपरगना और आर्टिस्ट असोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान से संपन्न होता है।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में पंचपरगना के लोग शामिल होते हैं और स्वर्गीय राजा उपेंद्र नाथ सिंह देव को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। सिल्ली के वर्तमान राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव है। इनका निवास स्थान सिल्ली स्थित राजबाड़ी में है।

## कोल्हान की खबरें

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकाटी में शिक्षक पर फर्जी दस्तावेज पर नौकरी लेने का आरोप

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकाटी में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी करने के एक गंभीर मामला प्रकास में आया है। इसकी जानकारी मिलते ही जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा ने तत्काल जांच के आदेश दिये। बताया जारहा है 2005 से 2015 तक राजनगर संकुल में प्रखंड संसाधन सेवी के रूप में बाउरी बंधु महतो कार्यरत थे, जो 2016 में शिक्षक बहाली प्रक्रिया में प्रशांत कुमार महतो के नाम से सहायक शिक्षक के रूप में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकाटी में कार्यरत हो गये। यह व्यक्ति पिछले 9 वर्षों से शिक्षा विभाग और सरकार के साथ धोखाधड़ी करने की बात सामने आया है। हालांकि शिक्षा अधीक्षक ने इस मामले में फिलहाल जांच की बात कही। सूत्रों के अनुसार, इस व्यक्ति के पास विभिन्न विभागों की मुहर और लेटरहेड उपलब्ध हैं। जिनका उपयोग विभिन्न प्रकार की हेराफेरी में की जाने की बात सामने आरही है। जानकारी मिलने पर जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रारंभिक जांच के आधार पर संबंधित दस्तावेजों की सत्यता की पुष्टि की जाएगी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।उन्होंने जिला शिक्षा विभाग के सभी नागरिकों,शिक्षकों एवं छात्रों से अपील की यदि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता या फजीवाड़े की जानकारी रखते हैं, तो विभाग को सूचित करें। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### आदित्यपुर में सैकड़ो लोगों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** झामुमो नेता ओंकार सिंह उर्फ सन्नी सिंह के नेतृत्व में आदित्यपुर के अलग अलग जगह में शिविर लगाकर व डोर-टू-डोर अभियान चलाकर नये सदस्यों को झामुमो से जोड़ा गया। गुरुवार को झामुमो के द्वारा चलाये गए विशेष अभियान में सन्नी सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 18, वार्ड 16 और वार्ड 5 में लोगों से मुलाकात की। वही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत वाले सरकार में झामुमो की नीतियों और सिद्धांतों से लोगो को अवगत कराया। मौके पर सैकड़ों युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सन्नी सिंह ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर युवाओं और महिलाओं का पूर्ण विश्वास है। यही कारण है बड़ी संख्या में लोग झामुमो की सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने कहा पूरे सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में एक लाख नये सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे लगभग प्राप्त कर चुके हैं। इसका उद्देश्य जिले में झामुमो के संगठन को मजबूत करना है।मौके पर राज, राजू गोप, रॉबिन हांसदा, रविंद्र मार्डी, मनोज कुमार, आलोक प्रधान, सुनील सहित अन्य झामुमो नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के मीडिया कप का समापन आज



**खरकई एकादश और स्वर्णरेखा एकादश की टीम होंगी आमने-सामने**


आजाद सिपाही संवाददात

**जमशेदपुर।** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के द्वारा आयोजित 12 दिवसीय मीडिया कप 2025 का समापन शुक्रवार (28 फरवरी) को बिष्टुपुर स्थित कीनन स्टेडियम मे किया जायेगा। गुरुवार को इसकी जानकारी प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और महासचिव विनय पूर्ति ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कीनन स्टेडियम में चल रही मीडिया कप 2025 का फाइनल मैच में खरकई एकादश और स्वर्णरेखा एकादश की टीम आमने-सामने होंगी। मैच का आरंभ शनिवार प्रातः 9 बजे से होगा। फाइनल मैच के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित की जायेगी। फाइनल मैच के उपरांत विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार के साथ सम्मानित किया जायेगा।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया मीडिया कप 2025 का आयोजन 17 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुआ था। कीनन स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामिंट के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्र के आठ टीम भाग लिया। सभी पत्रकारों ने अपने अपने टीम को जिताने के लिए प्रयासरथ रहे। मैदान में खिलाड़ियों का प्रतिभा देखते ही बन रही थी।उसी बीच प्रतियोगिता में खरकई एकादश और स्वर्णरेखा एकादश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। खरकई एकादश ने सेमीफाइनल में हुडको एकादश को सात विकेट से पराजित किया। जबकि स्वर्णरेखा एकादश ने कालीमाटी एकादश को 25 रनों से हराया।

### आपदा में युवाओं की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर माइकल जॉन ऑडिटोरियम में सिविल डिफेंस के द्वारा ह्लआपदा में युवाओं की भूमिकाह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य अथिति डीसी अनन्य मित्तल के अनुपस्थिति में डीडीसी अनिकेत सचान ने उपस्तित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाये। वही विशिष्ट अतिथियों में सिटी एसपी कुमार शुभाशीष, डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद, एसडीओ धालभूम सह उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर शताब्दी मजुमदार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर किया गया। वही सिविल डिफेंस के चीफ वार्डेन अरुण कुमार व डिप्टी चीफ वार्डेन दया शंकर मिश्रा के द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा आपदा के समय युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनकी ऊर्जा, साहस और तकनीकी समझ आपदा प्रबंधन को प्रभावी बना सकती है।मौके पर सिविल डिफेंस के प्रशिक्षकों ने राहत व बचाव कार्यों की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस,स्काउट एंड गाइड, एनवाईके, डालसा पीएलवी, मिराकी सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और सिविल डिफेंस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया आपदा के समय वे प्रशासन के साथ मिलकर जन-जन की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन सिविल डिफेंस के प्रधान सहायक सुरेश प्रसाद ने की।

### मैट्रिक और इंटर परीक्षा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा सुचारू, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा लगातार निरीक्षण की जारही है। गुरुवार को एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने कॉपरेटिव कॉलेज परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा कार्य में लगे केंद्राधीक्षकों, अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता और नियमों के सख्त अनुपालन के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। मौके पर एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने परीक्षा कक्ष में किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या अन्य प्रतिबंधित उपकरण लाने पर रोक लगाने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने कहा परीक्षा केंद्रों के शिक्षक प्रत्येक परीक्षार्थी की अच्छी तरह से जांच कर ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दे। ताकि झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी सभी नियमों का सख्ती से पालन हो सके। परीक्षा कदाचार मुक्त और निष्पक्ष तरीके से संचालित हो, इसके लिए परीक्षा कक्षों की नियमित निगरानी की जाए।एसडीओ ने सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संचालित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा जिला प्रशासन परीक्षार्थियों को निष्पक्ष वातावरण प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर नमन परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीर सपूत शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर नमन परिवार के द्वारा वार्षिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं और महिलाओं ने उनकी पुण्य स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके राष्ट्रप्रेम और अदम्य साहस को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नमन परिवार के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले की। उन्होंने कहा रचंद्रशेखर आजाद का जीवन संघर्ष,साहस और मातृभूमि के प्रति निस्वार्थ समर्पण का प्रतीक है। उनका बलिदान हमें आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा नमन परिवार प्रत्येक वर्ष इस आयोजन के माध्यम से शहीदों की शौर्यगाथा को सम्मानित करती है। ताकि युवा पीढ़ी उनके बलिदान को स्मरण कर देशसेवा के प्रति समर्पित रहे।

## पंचायत समिति सदस्यों ने की बैठक



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों और प्रखंड प्रभारी प्रमुख अनुभा सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें सभी सदस्यों के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 की योजनाओं को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 37 योजनाएं ली गयी थी, जबकि 2024-25 वित्तीय वर्ष में सभी योजनाओं को ऑनलाइन के विरुद्ध अभिलेख तैयार करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में नयी योजनाएं लेने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पंचायत समिति सदस्यों को एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन देने के लिए कहा गया। प्रभारी प्रमुख अनुभा सिंह ने कहा बताया कि रंका अनुमंडल को सुंदर रंका बनाने के उद्देश्य से 16 योजनाओं की सूची तैयार कर पंचायत समिति की बैठक में दिया गया है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, प्रभारी प्रमुख अनुभा सिंह, पूर्व प्रमुख हेमंत लकड़ा, मानपुर बीडीसी असदुद्दीन अंसारी, खपरो बीडीसी,खरडीहा बीडीसी नौशाद अंसारी, कंचनपुर बीडीसी शंकर राम, प्रधान सहायक मुकेश कुमार, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी दिनेश कुमार, पूर्व प्रमुख लिलावती देवी, सिरोईखुर्द पंचायत के डीडीसी हिरामणी कुमारी सिंह, तमगेकला, बाहाहारा सहित सभी 14 हो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

## महासचिव पद के लिए परेश तिवारी ने किया नामांकन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव पद के प्रत्याशी और वरिष्ठ अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी (सरकारी अधिवक्ता) ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थकों और अधिवक्ता समुदाय के कई वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति रही। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद परेश तिवारी ने संघ के अन्य अधिवक्ताओं से मुलाकात की और चुनाव में अपना समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें महासचिव पद की जिम्मेदारी मिलती है, तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संघ को अधिक संगठित और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगे, जिससे सभी अधिवक्ताओं को समान अवसर और न्यायसंगत सुविधाएं मिल सकें। गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव अधिवक्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। महासचिव पद के लिए मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है, और उम्मीदवारों की घोषणाओं और रणनीतियों पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च अस्पताल फराठिया गढ़वा द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ केशवेंद्र कुमार तिवारी, डॉ अजय सिंह, डॉ विजय पाल, डॉ बृजेश यादव, डॉ रूपा तिवारी चिकित्सकों और इंटर्न सुबोध चौधरी, अविनाश केशरी एवं बीएचएमएस चतुर्थ वर्ष के प्रशांत, अंकित, सुरभी, ईवा, गायत्री, गौसिया, सौरभ, लक्ष्मी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में पचास से अधिक लोगों ने भाग लिया और उन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की गयीं। संस्थान के प्राचार्य ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। हमें उम्मीद है कि यह शिविर लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेगा। हमारे संस्थान को इस शिविर के लिए संग्रहे खुर्द के मुखिया पति राजू चौधरी जी का का सहयोग मिला।

## राधा कृष्ण वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राधा कृष्ण मंदिर के समीप राधा कृष्ण वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, इसका उद्घाटन नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास, सीओ प्रमोद कुमार, बलराम मेहता के कर कमल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात तीन सीटों का मैच खेला गया जिसमें खबर लिखे जाने तक गढ़वा पुलिस लाइन के टीम बनाम मोहम्मदगंज के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वा के पुलिस लाइन टीम ने 25 पॉइंट के मैच में मोहम्मदगंज को 10 पॉइंट से हराकर अगले सेट में प्रवेश किया। राधा कृष्ण बॉलीवुड टूनार्मेंट का आयोजन मुकेश सिंह अभिमंयु सिंह विक्की सिंह साहिल सिंह के देख-रेख में कराया गया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट को देखने के लिए सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## जायंट्स ग्रुप ने शोक सभा का आयोजन किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य दीपक केशरी के माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर सेंट्रल कामिटी सदस्य अजयकांत पाठक,जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी,फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के वर्तमान अध्यक्ष राकेश केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान,ध्रुव केशरी,विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, रवींद्र जायसवाल, रवींद्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज केशरी (सन रेडियो), मनदीप सोनी, अजय केशरी,मोनू केशरी, विजय केशरी (विजय जनरल स्टोर)आदि जायन्ट्स सदस्य उपस्थित थे।

# महत्वपूर्ण योगदान देने वाले मुखिया सम्मानित

**उपायुक्त ने द्वीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम की शुरूआत, पंचायत स्तर पर भी जनसमस्याओं को सुलझाने की अपील**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** टाउन हॉल, गढ़वा में झारखंड शिक्षा परियोजना, गढ़वा और कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत गव्य प्रक्षेत्र के तत्वावधान में आज मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त शेखर जमुआर ने की। इस अवसर पर उपायुक्त जमुआर का स्वागत पौधा देकर एवं स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया और उपायुक्त समेत मंचासीन अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सम्मेलन में उपायुक्त जमुआर ने शिक्षा के क्षेत्र में मुखिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा का समुचित विकास तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्थानीय नेतृत्व की इसमें सक्रिय भागीदारी हो। मुखिया, ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समुदाय को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आम जनों से जुड़ी कई समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। पेयजल, शौचालय, सिंचाई, साफ-सफाई, कृषि उन्नयन, पशुधन विकास, आवास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि की समस्याओं को दूर करने में मुखियाओं की अहम भूमिका हो सकती है। मौके पर उपस्थित जिले के विभिन्न पंचायत के मुखियाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया गया, जिस पर उपायुक्त जमुआर द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक व महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गयें। अपार आइडी के बारे में जानकारी दिया और प्रत्येक माह की 28 तारीख को सभी शिक्षा संबंधी योजनाओं की समीक्षा को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया जाये। मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं मुख्य अतिथियों ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तथा समुदाय को जागरूक करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने-अपने विचार साझा किये। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन ने समृद्धि के अंतर्गत प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप और सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला अपर कार्यक्रम पदाधिकारी, अनुराग मिंज, गव्य विकास पदाधिकारी, गिरीश कुमार, जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखियागण सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थें।

# राज्य की विभिन्न समस्याओं को लेकर सदन में खूब गरजे विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक और सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येंद्र नाथ तिवारी झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में राज्य की विभिन्न समस्याओं को लेकर झारखंड सरकार पर हमलावर हुए। गढ़वा विधायक ने कहा कि झारखंड में बालू एक गंभीर समस्या है, जिसके चलते राज्य के लाखों गरीब परिवार के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, शौचालय और अन्य निर्माण कार्य बालू के अभाव में नहीं कर पा रहे हैं। तिवारी ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन की सरकार के द्वारा कृत्रिम रूप से बालू की समस्या झारखंड में उत्पन्न की गयी है, ताकि सत्ता में बैठे लोग और सत्ता का संरक्षण प्राप्त लोगों के द्वारा बालू की कालाबाजारी करके अवैध तरीके से धन अर्जित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्ष पूर्व झारखंड सरकार के द्वारा बालू की अवैध कालाबाजारी करने के लिए झारखंड के सभी बालू घाटों को जेएसएमडीसी के हवाले कर दिया गया। इसके पश्चात जेएसएमडीसी के द्वारा लोगों को सुलभ तरीके से बालू मुहैया कराने के बजाय जानबूझकर बालू घाटों के आवंटन के नाम पर टेंडर का खेल शुरू किया और दो वर्षों तक टेंडर को फाइनल नहीं किया गया। गढ़वा विधायक में झारखंड के लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज झारखंड में मरीजों की जान भगवान के भरोसे है। गंभीर रोगियों को जिला मुख्यालय से रांची स्थित रिम्स में डायरेक्ट लाने के लिए एम्बुलेंस की सेवा उपलब्ध नहीं है। एंबुलेंस वाले किसी मरीज को जिला मुख्यालय से राजधानी रांची तक लाने के बजाय बीच के ही किसी अस्पताल में छोड़कर भाग जाते हैं। जिसके कारण कई लोग अपनी जान भी गवा रहे हैं। सत्येंद्र नाथ तिवारी के बात पर स्वास्थ्य मंत्री ने भी जवाब दिया कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से गढ़वा विधायक काफी असंतुष्ट दिखे उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को खुली चुनौती देते हुए कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था काफी लचर हालत में है।

# बालू उत्खनन करने वाले माफियाओं पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव/गढ़वा।** प्रखंड खेत्र अंतर्गत अवैध रूप से बालू उत्खनन करने और अवैध रूप से बालों उत्खनन करने वाले कारोबारियों पर अंकुश लगाने को लेकर अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा अंचल कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के निर्देश अनुसार और उपायुक्त के आदेशा अनुसार अवैध बालू कारोबार पर अंकुश लगाना। सीओ ने कहा कि आम आदमी जो सरकारी योजनाएं चल रही है, और सभी को कंस्ट्रक्शन वर्क में बालू की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे अंचल क्षेत्र अंतर्गत कटेगरी वन में सात बालू घाट चिन्हित है, जिसमे बाकी नदी बहेरा कला, बांकी नदी बहेरा खुर्द, बाकी नदी तलशबरिया, बाकी नदी टडहे, बाकी नदी बूढ़ीखांड,बाकी नदी बोदरा,और दो घाट नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आमर और बकोईया में है। वही सीओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी लोग अवैध रूप से बालू उत्खनन करते एवं परिचालन करते पकड़े जायेंगे तो विधि संगत कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क हादसों में अपनों को खो चुके परिवारों से एसडीएम ने किया संवाद

**पीड़ित परिवारों की समस्याओं को सुना, हर सम्भव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत सड़क दुर्घटना में शिकार हुए लोगों के परिजनों को एसडीएम संजय कुमार ने अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया था। उनके इस आमंत्रण पर गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के अलावा कई आसपास के क्षेत्रों के ऐसे लोग शामिल हुए जिन्होंने सड़क दुर्घटना में अपने किसी परिजन को खोया है। कार्यक्रम में प्रमुख आमंत्रित अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश भी मौजूद थे। अधिकारियों ने परिजनों से संवाद कर सड़क दुर्घटना के शिकार हुये परिजनों से पूछा कि उन्हें 'हिट एंड रन' या आपदा संबंधी नियमानुसार सहायता मिली या नहीं। संजय कुमार ने आमंत्रित परिवारों की रोजमर्रा की जरूरतों और समस्याओं के बारे में भी पूछा, साथ ही उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

**राहत राशि दिलाने में तत्परता से काम करें**

संवाद के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कभी-कभी विभिन्न सहायक दस्तावेज जैसे पारिवारिक सूची, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, अंचल की अनुशंसा आदि में छोटी मोटी कमियों के चलते विलंब हो जाता है, जिसके कारण पीड़ित परिवारों को राहत राशि मिलने में भी देरी होती है, इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड, अंचल और अस्पताल आदि के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों सहित अपने कार्यालय के अधीनस्थों से अपील की कि वे ऐसे मामलों में अति संवेदनशीलता दिखाते हुए जितनी जल्दी हो सके स्वयं लग कर उनके दस्तावेज बनवाने में सहयोग करें।

**हेलमेट न लगाना और रैश ड्राइविंग बड़े कारण**

क्षेत्र भर के रोड एक्सीडेंट विक्टिम्स के परिजनों के साथ बात करने के बाद एक सामान्य निष्कर्ष निकला कि ज्यादातर जान गंवाने वाले लोगों ने हादसे के वक्त हेलमेट नहीं पहना था, कई मामलों में घटनाएं रैश ड्राइविंग के चलती हुईं, इसलिए बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने आम लोगों से भी अपील की कि वे ट्रैफिक के नियमों का पालन करें।

## दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में दो लोग घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र अंतर्गत मकरी बगही के समीप दो बाईको के बीच हुई आमने-सामने के टक्कर में दो लोग घायल हो गये। घायलों में मकरी निवासी राकेश विश्वकर्मा तथा खरौंधी निवासी 12 वर्षीय रिंकी कुमारी-पिता प्रमोद प्रजापति का नाम शामिल है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉ रंजन दास के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है, कि रिंकी कुमारी अपने जीजा अजीत प्रजापति गढ़वा तैनार निवासी के साथ बाईक से खरौंधी जा रही थी, जबकि विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार मकरी निवासी राकेश विश्वकर्मा एक ऑटो के ओवर टेक करने के दरम्यान दोनों बाइक चालक आपस में टकरा गये।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मिला दो लाख का चेक

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत ग्राम-सोनपुरवा निवासी स्व सत्यदेव यादव की पत्नी माधुरी देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये का चेक रंका एसबीआइ के ब्रांच मैनेजर दिलीप कुमार मिश्र ने प्रदान किया। इस मौके पर रंकाकला पंचायत के प्रभारी मुखिया रणजीत सोनी और सहायक अध्यापक पंकज गुप्ता मौजूद थे।

## गढ़वा में आज बिजली आपूर्ति छह घंटे बंद रहेगी

**गढ़वा ( आजाद सिपाही)।** 28 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक केबलिंग का कार्य के कारण गढ़वा बाजार के कुछ एरिया जैसे इंदिरा गांधी रोड, लोहा पट्टी, जोड़ा मंदिर, घड़ा पट्टी, सब्जी बाजार, अग्रवाल मोहल्ला, सोना महल इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसकी जानकारी कनीय अभियंता ने दी।

## भुइंया समाज ने मनायी माता शबरी की जयंती



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के द्वारा प्रखंड अंतर्गत अरसली दक्षिणी में बुधवार को माता शबरी की जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ममता भुईयां, जिला परिषद सदस्य कुमारी रंजनी शर्मा, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, बलदेव भुईयां एवं धर्मदेव ऋषि माता शबरी के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर तथा द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पलामू लोस के सांसद प्रत्याशी ममता भुइंया ने बताया कि शबरी जयंती फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनायी जाती है। हमको माता जी से प्रेरणा लेना चाहिए और अपने सनातन धर्म को समझ कर कार्य करना चाहिए। जेएमएम जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने कहा कि शबरी माता का असली नाम श्रमणा था, वह भील समुदाय की शबरी जाति से थीं। भगवान राम की युगों-युगों तक राह देखने वाली माता शबरी ने पशुओं की जान बचाने के लिए विवाह नहीं किया था। शबरी ने अपने तोड़े हुए मीठे बेर राम को दिये थे और देश में महान नारी के रुप में पूजी जाने लगी। इस मौके पर सतीश राम, रामनाथ भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, सोना किशोर यादव, बीडीसी शकील अहमद, मुफ्ती मोहम्मद खान, अख्तर खान, शिवनारायण भुईयां, मनोज कुमार भुईया, अयोध्या भुईया, जिधन राम के अलावे भुईयां समाज के लोग उपस्थित थे।

## मेराल प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत गुरुवार को अग्रगति इंडिया द्वारा प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं को वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी के तहत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ सतीश भगत, एसबीआइ अग्रणी बैंक के एलडीएम सत्यदेव कुमार रंजन, एफएलसी राजीव रंजन दुबे, महिला प्रवेक्षिका मीणा कुमारी तथा सीएफएल से जुड़ी कई महिलाओं के साथ ग्रामीण महिलाएं भी शामिल रहीं। मौके पर जिला समन्वयक श्याम सुन्दर महतो, मेराल सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा, प्रशिक्षिका अंजू कुमारी द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी और जागरूक करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। वही अतिथियों द्वारा लोगों को बताये गये सुझावों पर अमल कर स्वयं आत्मनिर्भर बनने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने पर बल दिया।

## होन्हेकला विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, विजय यादव बने अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका बीआरसी के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय होन्हेकला रंका में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन पर्यवेक्षक संकुल साधनसेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय और सहायक अध्यापक सुजीत कुमार चौबे की देखरेख में किया गया। जिसमें नव चयनित 12 सदस्यों में से सर्व सम्मति से विजय यादव को अध्यक्ष पद पर चयन किया गया। जबकि उपाध्यक्ष फुलमतिया देवी को बनाया गया। साथ ही सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के संयोजिका के रूप में रीना देवी एवं उप संयोजिका के रूप में दुलावती देवी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, सभाध्यक्ष शिव दत्त यादव और वार्ड सदस्य अरूण राम, आशुतोष तिवारी, श्याम लाल यादव सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष अभिभावक उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांक:– 222 हजारीबाग / दिनांक:– 24 / 02 / 2025

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 156 दिनांक 10.02.2025 के द्वारा निर्गत ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-25/2024-25 पी0आर0 न0– 346238 (Minor Irrigation) 24-25* D द्वारा प्रकाशित निविदा के योजना पदमा प्रखण्ड के पदमा ग्राम में पदमा उत्क्रमित मध्य विद्यालय का उन्नयन कार्य को अपरिहार्य कारण वश आंशिक रूप से निम्नवत् संशोधित किया जाता है।

1). बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 19.03.2025 at 03:00 PM
2). ऑन लाईन ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय – 27.03.2025 at 05:00 PM
3). ऑन लाईन निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 27.03.2025 at 05:00 PM
4). ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.03.2025 at 03:00 PM

अन्य कंडिकाएँ एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग

PR 347339 Minor Irrigation (24-25)_D



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND (DISTRICT DEVELOPMENT SECTION)**

RFP No. 02/2024-25 Memo No-(VI-DMFT-42/2024)-88 Dated-25/02/2025

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

**SELECTION OF ORGANISATION FOR THE ESTABLISHMENT AND RUNNING OF THE PLANNING AND MONITORING UNIT (PMU) UNDER THE DISTRICT MINERAL FOUNDATION TRUST,CHATRA**

The administrative body, i,e. the Managing Committee of District Mineral Foundation Trust, Chatra invites Technical and Financial Proposals from organizations of national and international repute for the establishment and running of **Planning and Monitoring Unit (PMU)** for increasing the efficiency and effectiveness of **District Mineral Foundation Trust (DMFT),** Chatra.
The RFP document shall be available from the office of the Deputy Development Commissioner, Chatra Jharkhand.
The RFP document is also available on Chatra district's website. The address of the website is https://chatra.nic.in/
Interested organizations are requested to submit the details to the undersigned as per the schedule indicated in the Fact Sheet in person at the office of the **DMFT CELL, 2nd Floor, District Collectorate Office, Chatra** -825401.

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 27-02-2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 17-03-2025 Till 3:00PM |
| 3 | Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | 18-03-2025 Time-11:30AM |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | Conference Hall, Collectorate Office, Chatra |
| 5 | Issue of Letter of Award | To be intimated to selected organization |

NOTE:-
1. The Deputy Development Commissioner, Chatra reserves the right to change any schedule. Please visit the website https://chatra.nic.in/ regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date mentioned in the Fact Sheet **Proposals that are received after the deadline will not be considered.**

DDC-Cum-Member Secretary
DMFT Chatra

PR 347282 (District)24-25*D

## 8 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नयी दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में 8 मार्च (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमे सुलह योग्य आपराधिक वाद, एनआई एक्ट धारा 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, श्रम विवाद , भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद, दाखिल खारिज मामले समेत अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। उक्त जानकारी सचिव, डालसा, लोहरदगा राजेश कुमार द्वारा दी गयी।

## राहुल सिंह गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात अपराधकर्मी राहुल सिंह के कुछ साथी डिग्री कॉलेज के पीछे संगठित होकर अपराधकर्मी राहुल सिंह के इशारे पर जान मारने का भय दिखाकर रंगदारी मांगने तथा फायरिंग की घटना से संबंधित किसी बडी संगठित अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं। ये लोग पिछले दिनों मनिका स्थित दो मुहान पुल पर बन रहे नये ब्रिज में काम कर रहे भारतीय वाणिज्य प्रा. लि. के मजदूरों एवं साइट इंजिनियर पर गोली चलाये थे परन्तु रंगदारी की मांग करने के बावजूद इन्हें रंगदारी नही मिली है एवं पुलिस की दबिश भी बढ़ गयी है। इसी कारण ये लोग पुनः अंधेरे का लाभ उठाते हुए संगठित अपराध की योजना बनाकर पास में ही चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य में बड़ी



घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए है। उक्त सूचना पर भरत राम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा तत्परता एवं स्फूर्ति के साथ छापामारी कर राहुल सिंह के गैंग के 04 अपराधकर्मियों को हथियार के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया एवं एक अपराधकर्मी भागने में सफल रहा। बताते चले कि इनदिनों राहुल सिंह गिरोह लातेहार जिले में आपराधिक घटनाओं में सक्रिय है।

छापामारी में गौतम कुमार, रोहित सिंह, शाहिल अंसारी और देववली कुमार को गिरफ्तार किया गया।

छापामारी के दौरान पुलिस दल ने एक 7.62 एमएम का पिस्टल, एक 7.62 एमएम का मैगजीन, चार चक्र 7.62 एमएम का जिंदा कारतूस, चार मोबाइल, राहुल सिंह से लेवी का रूपये की लेन-देन की विवरणी, समेत दो बाइको को भी जब्त किया गया।

छापामारी दल में भरत राम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह। पुअनि सह थाना प्रभारी शशि कुमार, मनिका थाना। सअनि मिश्रा मांझी, मनिका थाना। सअनि नुनमन मियां, मनिका थाना। तकनीकी शाखा/ साईबर सेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लातेहार, सशस्त्र बल शामिल थे।

### राजबार कोयला खदान शुरू करने को लेकर पर्यावरणीय जनसुनवाई संपन्न

## मार्च 2026 से खनन आरंभ करने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला खेल स्टेडियम के परिसर में पर्यावरण प्रभाव को लेकर जनसुनवाई अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में आयोजित हुई। तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड के द्वारा प्रस्तावित राजबार ऑपन कास्ट कोयला खदान के प्रारंभ होने की प्रक्रिया में आज एक कदम संपन्न हो गया।

इस अवसर पर राजबार कोयला खदान के तहत आने वाले राजस्व गांव जेरांग, राजबार, रेंची, लेजांग, डडिया और सेरक के प्रभावित ग्रामीण ने कोयला खदान खुलने से उत्पन्न होने वाले पर्यावरण संबंधी प्रभाव आकलन और प्रयावरण प्रबंधन योजन संबंधी अपने अपने समस्याओं को रखा, जिस पर कार्यक्रम में मौजूद राज्य प्रदुषण बोर्ड के अधिकारी और कंपनी के अधिकारियों ने



ग्रामीणों के सवालों का जवाब दिया।

मौके पर अपने अध्यक्षीय उदगार में अपर समाहर्ता ने कहा कि आज बड़े हर्ष का दिन है कि राजबार कॉल ब्लॉक खुलने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव पूर्ण हुआ। उन्होंने कहा कि औरंगा कोलया क्षेत्र में राजबार ऑपन कोयला खदान से लातेहार जिले के तीन अंचल के आधा दर्जन गांव के 1461 ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रोजगार और पांच हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होंगे। इससे क्षेत्र चहुमूखी विकास की ओर अग्रसर होगा। सभी पहलूओं पर विस्तृत तैयारी की गयी है। इस कॉल ब्लॉक से निकलने वाली कोयला से विद्युत उत्पादन किया जायेगा, जो झारखंड राज्य के उर्जा क्षमता को बढ़ायगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इस जनसुनवाई में प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने पर्यावरण संबंधी बातों पर अपनी सहमति दी है।

इसके अलावे कंपनी के अधीक्षण अभियंता राजेश रंजन ने कहा कि इस कॉल ब्लॉक में मार्च 2026 से खनन कार्य प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत सभी स्वीकृति ली जायेगी।

## लातेहार में शराब लदे ट्रक के साथ दो धराये



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक लातेहार के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर शराब लदे एक लाल रंग के ट्रक जिसका पंजीयन सं यूपी 13 सीटी 8340 है को जब्त किया गया। खबर को मुताबिक सूचना के आधार पर लातेहार थाना गेट के सामने बेरिकेटिंग लगाकर वाहन चेकिंग किया जाने लगा। चेकिंग के दौरान जैसे ही ट्रक पास आया। उसे विधिवत घेराबंदी कर अपने कब्जे में ले लिया एवं जांच पड़ताल किया गया। जांच के क्रम में पाया कि उक्त ट्रक पर अवैध शराब लदा हुआ था। जिसे पत्ता गोभी से ढक कर ले जाया जा रहा है। बरामद शराब को विधिवत जब्त किया गया। साथ में दो अभियुक्त कुशल पवार और अकाश पवार को पकड़ा गया। दोनों ने अपना पत्ता उत्तर प्रदेश बताया।

छापामारी दल दुलार पुअनि चौड़े, पुनिअ संतोष कुमार, सअनि संतोष कुमार, आरक्षी राजेश कुमार शर्मा और धर्मेन्द्र कुमार सिंह शामिल थे।

### जिलास्तरीय विकास समन्वय की बैठक संपन्न

## आवास योजनाओं में डुप्लीकेसी को दूर करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रति गांव में संचालित योजनाओं की संख्या, बिरसा सिंचाई कूप में लक्ष्य व उपलब्धि, एरिया अफसर एप में इंट्री आदि बिंदुओं की समीक्षा की गयी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य में उपलब्धि पर अंसतोष व्यक्त किया गया और दो माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध स्वीकृत किये गये योजनाओं की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को




निर्देश दिया गया कि आवास योजनाओं में डुप्लिकेसी को दूर करें और प्रतिवेदन दें। पीएमजनमन योजना में लाभुकों के आधार कार्ड का वेरिफिकेशन चार दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी, कोषांग को दिया गया। बैठक में आवास प्लस सर्वे 2.0 और अबुआ आवास योजना की भी समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत पूर्ण प्रतिरक्षा और पूर्ण प्रतिरक्षण की स्थिति, सर्पदंश और रेबीज के टीके की उपलब्धता की समीक्षा की गयी। आइटीडीए विभाग अंतर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25, साइकिल वितरण योजना की स्थिति की समीक्षा की गयी। पुंदाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त किया गया और आवश्यक निर्देश अभियंता, आरइओ को दिये गये। भू-अर्जन विभाग अंतर्गत कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण और सुदृढ़िकरण, लोहरदगा बाईपास पथ समेत अन्य पथों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गयी। डीएमएफटी अंतर्गत प्राप्त राशि और उपलब्ध राशि की समीक्षा की गयी। साथ ही, डीएमएफटी प्रभारी को विज्ञान भवन में संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु शिक्षक की व्यवस्था केंद्र में कराये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीटीओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी, आवास योजना के जिला समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर बैठक

## 6 मार्च से होगा मंडल अध्यक्ष का चुनाव




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में संगठनात्मक चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक सह पूर्व सिमरिया विधायक किसुन दास एवम चुनाव अधिकारी सह किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में सभी मंडलो में हो चुके बूथ स्तरीय नयी कमिटी की समीक्षा करते हुए पारित किया गया। चुनाव अधिकारी ने सभी मंडलो में कमिटी का चुनाव 6 से 9 मार्च तक कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इस पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है।एक छोटा कार्यकर्ता भी अपने मेहनत लगन व पार्टी निष्ठा से किसी भी पद को प्राप्त कर सकता है।उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वशनियता के कारण जन जन की पार्टी बन चुकी है। मोदी जो कहते है वह एक सौ प्रतिशत पूरा करते है। चुनाव पर्यवेक्षक किसुन दास ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक चुनाव में अनुशासन है। जो भी पदाधिकारी बनेंगे पूरी लगन से संगठन को आगे बढ़ायेंगे। कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के सच्चे सिपाही है जिनकी बदौलत आज पार्टी केंद्र समेत 20 राज्यो में भाजपा एवं एनडीए की सरकार चल रही है।

### शोक सभा का आयोजन

**गुमला जिला के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल के निधन पर जिला कार्यालय में शोकसभा का आयोजन कर गहरी सवेंदना प्रगट की गयी एवं उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु दो मिनट मौन रह कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी।**

## 5 से 8 मार्च तक होगी शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आगामी 5 से 8 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर गुरुवार शाम 3 बजे बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में पूर्व राज्यसभा सांसद सह लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम का दौरा कर पिच, मैदान, खिलाड़ियों की सुविधाएं, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और अन्य तैयारियों का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति को निर्देश दिया कि आइपीएल की तर्ज पर आयोजित इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को पूरी गंभीरता से पूरा किया जाये, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान लोहरदगा



जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य और अन्य संबंधित लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने टूर्नामेंट के सुचारू संचालन और उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह टूर्नामेंट जिले के क्रिकेट इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा और स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटरों के साथ खेलने व सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इस टूर्नामेंट में देशभर की कुल आठ प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें मुंबई, कोलकाता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, झारखंड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीमें शामिल हैं। आयोजन को भव्य बनाने के लिए बॉलीवुड अभिनेता एवं सांसद शत्रुघ्न सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, जबकि दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह, आशीष नेहरा और जहीर खान की उपस्थिति इसे और भी आकर्षक बनायेगी।

## आदिवासी समाज के विकास के लिए बारह पड़हा का योगदान सराहनीय : राधा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय सेन्हा के मैदान में बारह पड़हा बेल शिव चरण उरांव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजन किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में बारह पड़हा बेल से लेकर सदस्य तक को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा आदिवासी समाज के बारह पड़हा के अगुवाओं को साल कर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बारह पड़हा का आदिवासी समाज का विकास के लिये सराहनीय योगदान है। जिसे बारह पड़हा बेल सेन्हा द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो कि ये समाज का एक परम्परा है। इसके तहत प्रति दिन माह में अलग अलग पड़हा द्वारा समाज में चेतना लाने के उद्देश्य से गांव गांव



में सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के स्वतंत्र कानून पेशा एक्ट को झारखंड सहित पूरे देश में संविधान के अधीन लागू कराने की मांग किया जायेगा। पेशा कानून 1996 आदिवासियों का हित में है। जिसे लागू कराकर अपनाया जायेगा। जिप सदस्य द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए पड़हा द्वारा शादी विवाह में दहेज नहीं लेने, आपसी छोटे छोटे विवाद को सुलझाने और खेती बटवारा के साथ साथ बेटियों का हक अधिकार कर्तव्य के साथ साथ समाजिक रिश्ते को अपनाने का अपील किया गया। साथ ही आदिवासी सभ्यता सांस्कृतिक परंपरा के साथ जुड़े रहने और नुकसान पहुंचाने वालों से सतर्क रहने बच्चे बच्चियों को शिक्षा देने के लिये भी अपील किया गया। गांव में अपराध से बचने के लिये कहा कि दुष्कर्म, हत्या, चोरी लुट को थाने में पहुंच कर सूचना देने के लिये कहा गया। मौके पर विनोद उरांव, अनिल उरांव, चैतू उरांव, शिव चरण उरांव, दुखिया उरांव, गंगा उरांव समेत आदिवासी समाज के सैंकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## विधायक रामचंद्र नें सदन में उठाया हाल में हुए सर्वे की गड़बड़ी का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान गुरुवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह नें सदन में हाल की सर्वे में हुई गड़बड़ी का मामला उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। विधायक रामचंद्र सिंह नें सदन के माध्यम से बताया कि लातेहार जिला के सभी अंचल में सीएस खाता के अनुसार हुई बंदोबस्ती द्वारा प्राप्त भूमि और खरीदी गई भूमि का रसीद 2015 तक नियमित काटा गया पर उसके बाद नया आरएस खाता में त्रुटि के



कारण अधिकांश लोगों का रसीद कटना बंद हो गया है जिसे जमीनी विवाद बेवजह बढ़ता जा रहा है। जिसे देखते हुए सीएस खाता प्लॉट से आरएस खाता में बदल कर रसीद काटने का आदेश जारी किया जाये।

## महाशिवरात्रि हमें संयम और अनुशासन का पाठ पढ़ाती है : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में महाशिवरात्रि का पर्व इस बार सिर्फ आस्था और भक्ति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भाईचारे और सौहार्द की मिसाल भी बना। लोहरदगा पुलिस लाइन में भव्य रूप से भगवान शिव की आराधना हुई, जहां डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की समेत अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना में शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद शिव बारात धूमधाम से निकाली गयी, जिसमें श्रद्धालुओं के साथ



पुलिस अधिकारी और जवान भी भक्ति में झूमते नजर आये। पुलिस लाइन बक्सीडीपा से निकली यह भव्य बारात नगर भ्रमण करते हुए लोहरदगा कोर्ट कंपाउंड स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां विधिपूर्वक पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किया गया। इसके बाद बारात न्यू पुलिस लाइन लौटी, जहां रात 12:00 बजे भगवान शिव और माता पार्वती का भव्य विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान आरक्षी चालक निर्मल सिंह ने भगवान शिव का रूप धारण किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पुलिस एसोसिएशन की ओर से उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीसी ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें संयम, अनुशासन और भक्ति का भी पाठ पढ़ाती है। यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि लोहरदगा में सभी धर्मों के लोग मिलकर हर त्योहार को हर्षोल्लास से मनाते हैं। यही हमारे देश की पहचान है। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पर्व केवल पूजा का नहीं, बल्कि हमें एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है। धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं।

### भंडरा में निकली भव्य शिव बारात



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में बुधवार की शाम महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। भगवान शिव की बारात भंडरा थाना शिव मंदिर से शुरू होकर प्रखंड बस्ती का भ्रमण करते हुए पुनः थाना पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान शिव बारात में बच्चों ने भगवान शिव व माता पार्वती के भेष धारण कर पूरे बस्ती का भ्रमण किया। जिसे लोगों ने दर्शन कर भगवान शंकर से आशीर्वाद लिया।

## शिव बारात और झांकी के साथ आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर शिव भक्तों द्वारा आयोजित किया गया। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में शिव बारात व झांकी के साथ महाशिवरात्रि संपन्न हुआ। वही भक्तों द्वारा विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये कामना किया गया। प्रखंड क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव में महाशिवरात्रि पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही जगह



जगह कीर्तन मंडलियों द्वारा कृतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तो कही पर कलाकारों ने भक्तों को सारी रात झूमने को विवश कर दिया। गौरतलब हो कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय प्रांगण स्थित डिपु के समीप से शिवभक्तों द्वारा ब्रम्हा, शिव, पार्वती एवं भूत पिचाश की झांकी व बरात गाजे बाजे के साथ समस्त ग्रामीणों के सहयोग से निकाला गया। जो जोगना मोड़ स्थित शिवालय में विधिवत विवाह प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। जिसे शिव बारात का जोगना ग्रामवासियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य उपेंद्र भुइयां मनातू से गिरफ्तार, 652 कारतूस बरामद

## मनातू, बालूमाथ, कुन्दा, वशिष्टनगर और पांकी थानों में हत्या-लूट जैसे कई आपराधिक मामले हैं दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनातू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य उपेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 315 एमएम के 652 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य उपेंद्र भुइयां केदल ग्राम के रास्ते से होकर अपने घर नागद गांव आने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद पलामू एसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान राकेश सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसने शाम को केदल ग्राम के जंगल स्थित तिकीटा मोड़ पर घेराबंदी की। रात में एक संदिग्ध व्यक्ति चादर ओढ़े जंगल से गुजरता दिखा, जिसे रुकने का इशारा करने पर वह तेजी से भागने लगा। पर सशस्त्र बलों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने खुद को टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य बताया। यह भी स्वीकार किया कि उसने 652 जिंदा कारतूस कोहबरिया के जंगल में छिपा रखे हैं। पुलिस ने उपेन्द्र भुइयां की निशानदेही पर जंगल में तलाशी ली, तो एक चट्टान की खोह में पीले रंग के डिब्बे में 315 एमएम के 652 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इन कारतूसों के पेंदे पर पीपीयू 30-06 एसपीआरजी अंकित था। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। उधर, पुलिस की छापामारी टीम में लेस्लीगंज पांकी के एसडीपीओ मनोज कुमार झा, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, पुअनि राजेश कुमार, पुअनि अनीश राज, पुअनि संतोष कुमार गुप्ता के अलावा मनातू थाना जेजे सैट-01 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



पकड़े गए उग्रवादी एवं जब्त कारतूस की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

### विभिन्न थानों में दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

गिरफ्तार उपेन्द्र भुइयां के खिलाफ मनातू, बालूमाथ, कुन्दा, वशिष्टनगर और पांकी थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट और यूएपीए एक्ट से संबंधित कुल 12 मामले शामिल हैं। पुलिस इस मामलों की गहन जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इतनी बड़ी संख्या में कारतूस कहां से आए और इन्हें किन आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाना था।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री से मिले ट्री मैन डॉ कौशल किशोर, भेंट किया पौधा

## कहा, सेना से सरहद और पौधों से ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा

**डॉ कौशल ने मंत्री राजनाथ सिंह से नवनिर्मित पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर पर की चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड के ट्री मैन कहे जाने वाले विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कौशल किशोर जायसवाल और वीपीएसए संस्था के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नीरज कुमार तिवारी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नई दिल्ली के 17 अकबर रोड़ स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरण धर्म के तहत तमिलनाडू के रक्त चंदन का पौधा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भेंट कर उनका स्वागत किया या। उनसे बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि प्रकृति के सुखद संयोग से आज समाज के दो महान रक्षकों को एक साथ बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दोनों में फर्क सिर्फ इतना है कि मंत्री जी के निर्देशन में देश की सरहद की रखवाली हो रही है, जबकि पर्यावरणविद डॉ कौशल के पौधरोपण एवं वितरण अभियान से धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा हो रही है। वहीं, रक्षा मंत्री से वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने बताया है कि झारखंड पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में अपनी जन्मभूमि पर पर्यावरण की नई परिभाषा गढ़ने और पर्यावरण की शिक्षा देने के लिए दुनिया का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण कराया गया है। जहां 22 देशों की कई विलुप्त प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं। डॉ कौशल ने रक्षा मंत्री को यह भी बताया कि चंदन एक हाई ग्रीन के साथ औषधीय पौधा है। जिसे घिसकर ललाट में लगाने से शरीर का संतुलन एक समान होता है। यह भी बताया कि अभी वे उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तीन दिवसीय दौरे में दर्जनों रक्त चंदन का पौधा देहरादून हरिद्वार, लुढ़की और मसूरी में लगाकर लौट रहे हैं। मुलाकात के दौरान संस्था के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी और सूरज कुमार जायसवाल भी मौजूद थे।

## धनबाद की खबरें

### धनबाद में रक्षक के घर में ही चोरों ने की सेंधमारी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिले के धनसार थाना क्षेत्र में रक्षक के घर में ही चोरों द्वारा सेंधमारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल, रांची एटीएस में नियुक्त अमरजीत पासवान के दुहाटाड़ स्थित घर के दरवाजे में लगे ग्रील एवं दूसरे दरवाजों का ताला तोड़कर चोरों ने वहां के करीब एक लाख रुपया मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी अमरजीत ने धनसार थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बतातें चलें कि अमरजीत फिलहाल रांची एटीएस में प्रतिनियुक्त है। अमरजीत ने पुलिस को बताया कि पुलिस सेवा में होने के कारण ज्यादातर घर से बाहर ही रहना होता है। जबकि उनका पूरा परिवार घटना के एक सप्ताह पहले यानी 10 फरवरी को जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जीतपुर में रिश्तेदार के घर शादी में गये थे। वे खुद शादी एवं बहुभोज में शामिल होकर अपने घर पर अकेला 15 फरवरी को दुहाटाड़ आया। उसी दिन सुबह घर में दोनों दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी के लिए रांची चला गया। 18 फरवरी को मेरे पड़ोसी ने मोबाईल पर फोन कर घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी। इसके बाद जब वे धनबाद स्थित दुहाटांड अपने घर पहुंचे तो वहां से 20 हजार रुपया नगद, एलईडी टीवी, एक बुफर साउंड बाक्स सहित अन्य कीमती सामान चोरी हो गया था। वहीं, कुछ जरूरी कागजात को तितर बितर कर दिया गया है। इस शिकायत के बाद धनसार पुलिस ने जांच शुरु करते हुए बुधवार को मामला दर्ज किया है।

### बोरागढ़ के होरलाडीह में अवैध खनन को लेकर दो गुटों में भिड़ंत, लहराई गयी बंदूकें

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बोरागढ़ ओपी अंतर्गत होरलाडीह जंगल में अवैध खनन में वर्चस्व को लेकर बुधवार की रात दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों गुटों ने एक-दूसरे को डराने के लिए बंदूक भी लहराया। हालांकि माहौल बिगड़ता देख धंधेबाज खनन कार्य में लगे जेसीबी लेकर भाग गया। वहीं, लोगों का कहना है कि यहां बोरागढ़ पुलिस की मीलिभगत से दूसरे की जमीन पर एक गुट के धंधेबाज जेसीबी लाकर अवैध खनन करा रहा था। लोगों का कहना है कि यहां चार दिनों से जेसीबी से अवैध खनन हो रहा है। जिसके चलते दो गुटों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एक गुट होरलाडीह जंगल स्थित बस्ती तो दूसरा गुट होरलाडीह फाटक का बताया जा रहा है। बुधवार की रात जब एक गुट के लोग जेसीबी लाकर अवैध खनन करा रहे थे, तभी होरलाडीह फाटक स्थित बस्ती से दो दर्जन लोग लाठी डंडा से लैश होकर खनन स्थल पर पहुंच गये। इनलोगों ने चालक को जेसीबी और खनन कार्य रोकने को कहा। बताया कि जिस जमीन पर अवैध खनन किया जा रहा है। वह जमीन उनकी है। लेकिन एक गुट के धंधेबाज जेसीबी रोकने के पक्ष में नहीं था। उसने चालक को जेसीबी से खनन जारी रखने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों ओर से तू-तू, मैं-मैं हो गई। जो बाद में मारपीट में तब्दील हो गया। इससे वहां कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। इसस घटना से स्थानीय लोगों में रोष है।लोगों ने वरीय पुलिस अधिकारी से अवैध खनन कार्य रोकने की मांग की। दूसरी ओर, बोरागढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि उनके पास मारपीट और पिस्टल चमकाने की सूचना नहीं है। अगर कोई शिकायत आती है तो विधिवत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अपने स्तर से मामले की छानबीन की जा रही है।

### चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मनाया गया

**कतरास (आजाद सिपाही)।** रामकनाली कोलियरी के पार्श्वनाथ (ग्रीन) पार्क में झामुमो सह बीसीकेयू नेता राजेंद्र प्रसाद राजा की अध्यक्षता में शहीद स्वाधिनता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद पार्क में लगे स्वतंत्रता सेनानी बालगंगाधर तिलक एवं भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद राजा ने आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति देने वाले चंद्रशेखर आजाद, शहीद भगत सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और खुदीराम बोस सहित लाखों शहीदों को याद किया। साथ ही दिल्ली कि भाजपा सरकार पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की फोटो हटाये जाने की निंदा करते हुए राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की है। इस मौके पर पूर्व मुखिया सुरेश महतो, संजय महतो, श्यामल चक्रवर्ती, अमृत महतो, संतलाल राम, सतेन्द्र चौधरी, संतोष बीपी, राजेंद्र राम, मनोहर भुईयां, मीठु बाउरी, संतोष राजवार, मनोज भुईयां, अशोक कुमार, रामवालक भुइंया, पुट्टी देवी, विनय भुइंया, वृहस्पति राय, बासुदेव भुइंया, चंदन नोनिया और अरूण रवानी आदि मौजूद थे।

### भाकपा माले ने कॉ मनोज साव को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुराना बाजार टेंपल रोड स्थित भाकपा माले कार्यालय में गुरुवार को जिला सचिव कॉ बिंदा पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सबसे पहले भाकपा माले के वरिष्ठ नेता कॉ मनोज साव के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद बैठक हुई, जिसमें पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड हलधर महतो उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कॉमरेड मनोज साव लाल झंडा के सच्चे सिपाही थे। कॉमरेड मनोज साव जैसे एक सच्चे क्रांतिकारी कम्युनिस्ट के निधन से संगठन को अपूर्णीय क्षति हुई है।

# किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं: डॉ शशिभूषण

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा सत्र में किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि ग्रीन कंबाइड हार्वेस्टर के रजिस्ट्रेशन नहीं होने और वित्तीय-गजट में इसका उल्लेख नहीं होने के कारण रेजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। जिससे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र और उन्नत खेती के लिए मशीन खरीदने मे कठिनायां हो रही है और बैंक वित्तीय सहायता या सब्सिडी देने से इंकार कर रहे है। जिससे मजबूरी में किसानों को उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से मंहगे किराये पर हार्वेस्टर लेना पड़ रहा है। वहीं, राज्य के ई-उपार्जन के माध्यम से सरकार के लक्ष्य के अनुसार कम धान खरीदा गया है। कई जिलों में किसानों को बिचौलियों द्वारा प्रति क्विंटल पांच किलो कटौती की गई है। उन्होंने यह भी मांग किया की किसानों को बीज समय पर नहीं मिलने से उन्हें महंगे दामों पर बीज खरीदना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को समय से बीज मिल जाएगा तो राज्य के किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। विधायक ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# डीसी ने किया कस्तूरबा आवासीय स्कूल का औचक निरीक्षण, दिया कार्रवाई का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने गुरुवार को हुसैनाबाद के कस्तूरबा आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं के लिए किचन, खाने के स्थान, आवासन, पानी टंकी आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की कमियों को लेकर वार्डन के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। डीसी ने बालिकाओं की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने घर गयी छात्राओं को बुलाने के लिए वार्डन की ओर से की गई आवश्यक पहल की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को पुनः विद्यालय बुलाने के लिए उनके अभिभावकों से संपर्क करने का निर्देश दिया। साथ ही दो महीने से अधिक समय से विद्यालय से अनुपस्थित छात्राओं का नाम काटने और एक महीने से अधिक समय से छुट्टी पर रहने वाली छात्राओं को ड्रॉप आउट में गणना करने का निर्देश दिया। डीसी ने छात्राओं के आवासन के लिए वहां स्थित एक बंद छात्रावास को खुलवाने का भी निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। वहीं, निरीक्षण के दौरान डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# विश्रामपुर के मजदूर की कोलकाता में हुई मौत, शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भालुआनीकला गांव के एक मजदूर की मौत पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हो गयी। गुरुवार की दोपहर मृतक मजदूर का शव जैसे ही घर पहुंचा पूरे गांव में मातम छा गया। गौरतलब है कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भालुआनी कला गांव निवासी परिखा भुइयां (32) गत रविवार को ही मजदूरी करने कोलकाता गया था। जहां कार्य करने के दौरान वह मंगलवार की शाम उंचाई से गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद गुरुवार को शव उसके गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, गांव के श्मशान घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में पूर्व सांसद पुत्र सह जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा सहित कई शामिल हुए और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। संजय बैठा ने दाह संस्कार के लिये लकड़ी उपलब्ध कराया। साथ ही अंतिम संस्कार के लिये आर्थिक मदद भी की। कि अगर स्थानीय मजदूरों को यंही रोजगार मिलता तो उन्हें बाहर जाकर अपनी जान नहीं गंवानी पड़ती। इस मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद देवनाथ यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



# कार-स्कूटी की टक्कर में युवक घायल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर रेहला थाना क्षेत्र के शंखा गांव के पास गुरुवार को कार ने स्कूटी सवार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी चालक घायल हो गया। घटना गुरुवार की दोपहर की बतायी जा रही है। घायल युवक की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के गोदरम गांव निवासी सुजीत प्रजापति के रूप में हुई है। इसकी सूचना मिलने ही रेहला पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले गयी। वहीं, घायल सुजीत का इलाज विश्रामपुर सीएचसी में चल रहा है।



## हुसैनाबाद अनुमंडल भवन में सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं कई मामलों का मौके पर ही किया निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला प्रशासन की पहल पर गुरुवार को हुसैनाबाद में कैंप कार्यालय का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से जनता से सीधा संवाद किया गया। यहां विभिन्न विभाग के पदाधिकारी उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को सुने और उसका त्वरित निष्पादन किया। जबकि त्वरित निष्पादन योग्य नहीं रहने वालों मामलों को निर्धारित समय अवधि में निष्पादन करने और संबंधित लोगों को लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया। वहीं, कार्यक्रम में शामिल डीसी शशि रंजन ने कहा कि कैंप कार्यालय के आयोजन से जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने अनुमंडल कार्यालय सभागार में सभी जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने से लेकर जमीन से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं विभिन्न आवास योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निदान किया गया। इसके बाद डीसी ने हुसैनाबाद टाउन हॉल का निरीक्षण भी किया। दूसरी ओर, डीसी के अलावा जिले के सभी कार्यालयों को यहां स्थापित कर संबंधित पदाधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उसका निष्पादन किया। डीसी ने खुद भी समस्याओं को सुना और संबंधित आवेदनों को स्थानांतरित कर संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी के समक्ष देवरी कला के मोहसिन इदरीसी ने जलमिनार मरम्मत कराये जाने संबंधी आवेदन दिए। जबकि हैदरनगर सड़ेया के विजय विश्वकर्मा ने पत्नी सुनीता देवी के नाम पर आवंटित अबुआ आवास का निर्माण कराने के लिए आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने डीसी को बताया कि जिस जमीन पर आवास का निर्माण किया जाना है, उसपर दूसरे व्यक्ति ने दावा किया है। इसके अलावा दरूआ गांव निवासी अवधेश सिंह ने व्यापार मंडल में बेचे गए धान का पैसा नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया। वहीं सैदाबाद के राजेश कुमार सिंह ने आवेदन देकर जबरदस्ती मकान के निर्माण कार्य को रुकवा दिये जाने संबंधी शिकायत की। इसके अलावा अन्य सैकड़ों लोगों ने आवेदन देकर अपनी-अपनी समस्याएं रखी। उधर, कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया गया। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/ सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किए जाने की पहल की गई। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, सिविल सर्जन अनिल सिंह, एसडीओ गौरांग महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा आदि मौजूद थे।



# महाशिवरात्रि देता है आदर्श शादी का संदेश : अविनाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि त्योहार के अवसर पर शहर के विभिन्न जगहों पर शिव बारात निकाली गयी, जिसमें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष द्वारा पगड़ीपोशी, अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। शिव बारातियों, शिव भक्तों, दर्शकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिवपुराण के अनुसार महाशिवरात्रि निराकार से आकार रूप में भगवान शिव को प्रकट होने का दिन हैं। महाशिवरात्रि का दूसरा महत्व यह है कि भगवान शंकर सती के निधन के बाद वैराग्य को त्याग कर पार्वती से शादी कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किए और संसार के सामने आदर्श विवाह की मिशाल पेश की। हम सभी भगवान शिव की शादी में शामिल तो होते हैं लेकिन एक कटु सत्य यह है कि उनसे प्रेरणा नहीं लेते हैं। बल्कि परंपरा को ढोते हैं। वर्तमान में महिला हिंसा कि जितनी तादाद बढ़ी है, दहेज के कारण बेटियों को गर्भ में ही मारने का मानो ट्रेंड चल गया। इन सभी को भगवान शिव से सिख लेना चाहिए कि पिता पार्वती को यथोचित स्थान नहीं दिया तो महिला सम्मान में शिव तांडव कर दिए। हम सभी को भगवान शिव के दिखाये मार्ग का अनुशरण करना चाहिए।

### आग लगने से दो दुकानें जलीं, लाखों का नुकसान

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास बाजार स्थित श्रीलाल पोखरमल एंड सन्स एवं आनंद ड्रेसस में गुरुवार की सुबह आग लग गयी। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। उधर, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं, दुकानदार गौरव खंडेवाला ने बताया कि आग लगने से लाखों के कपड़े जलकर राख हो गये।

## चिल्ड्रेन एकेडमी के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी 10+2 स्कूल रन्हे घाघरा में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की 93वीं पुण्य तिथि गुरुवार को मनायी गयी। सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर माल अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के जीवनी पर विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि कैसे महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने पर अंग्रेजों के द्वारा जब उन्हें जेल में डाला गया और फिर पेशी के लिए जब अदालत पहुंचे। तो कैसे वहां पर नाम पूछने पर अपना नाम आजाद और पिताजी का नाम स्वतंत्रता बताया था। साथी विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने बच्चों से चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानीयों कुछ जानने की नसीहत दी। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक विजय साहू, रश्मि टोप्पो, मीना देवी, तारामणि देवी, पूजा प्रिया, शोषण गुलाब सुरीन, रीना मींज, निधि लकड़ा, अजीत लकड़ा, प्रेमचंद कुमार, मनोज साहू, दुर्गावती, रेशमा करकेट्टा, शिवानी लकड़ा, दिव्यानी, ममता रानी, अनूप कुजूर, विभा लकड़ा, आरती कुमारी, अंजनी कुमारी, अलका कुमारी, सहित कई लोग मौजूद थे।

## बीएलबीसी प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बीएलबीसी प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ दिनेश कुमार और एलडीएम पवन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में विभिन्न योजनाओं के विषय में चर्चा किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकी करण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह के लोन संबंधित, केवाईसी संबंधित कई शामिल है। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने शाखा प्रबंधको को लाभुको के खाता को आधार से लिंक करने हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। ताकि पेंशन, आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित राशि उनके खाता में ससमय भुगतान हो सके। वही एलडीएम पवन कुमार ने भी सभी बैंक कर्मियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, लेखा सहायक, मनरेगा एवं लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर, आवास कोऑर्डिनेटर उपस्थित थे।

## घाघरा में बकरा-बकरी का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पशुपालन विभाग द्वारा घाघरा ब्लॉक परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लाभुको के बीच बकरा बकरी यूनिट का वितरण किया गया। इस योजना के तहत बिमरला, दीरगांव, शिवराजपुर, सरांगो पंचायत के चयनित प्रत्येक ग्रामीणों को रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 4 बकरी एक बकरा का यूनिट उपलब्ध कराये गये। जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का ने पशुपालन के महत्व पर इसके होने वाले आर्थिक लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है और यह योजना उसी का एक हिस्सा है। लाभुकों को बकरी बकरा पालन से जुड़े प्रशिक्षण और आवश्यक देखभाल के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की बात कही गयी। मौके पर मुखिया राजेश बड़ाइक सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

## रमेश कुमार चीनी ने रजिस्ट्री और विवाह निबंधन जल्द शुरू करवाने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते एक फरवरी से जमीन की रजिस्ट्री और विवाह निबंधन बंद है। इससे अब तक सरकार को करोड़ों रूपये के राजस्व की क्षति हो चुकी है। इसपर चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त से पहल करने का अनुरोध किया है। कहा है कि राजस्व की क्षति से सरकार की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा है। इसलिए यथाशीघ्र कार्य बहिष्कार को वापस कराते हुए रजिस्ट्री और विवाह निबंधन प्रारंभ होना चाहिए। इससे आमजनों को काफी परेशानी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि कचहरी परिसर के पीछे बहुत सारी सरकारी भवनें बंद पड़ी है। किसी में भी रजिस्ट्री ऑफिस का संचालन हो सकता है। इससे लोगों को भी सुविधा मिलेगी और राजस्व का नुकसान भी नहीं होगा। डीसी जनहित में इसपर पहल करें। मालूम हो कि रजिस्ट्री कार्यालय पांच किमी दूर नए समाहरणालय में स्थानांतरित किया गया है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के टोटो थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद लड़की गुरुवार की शाम 7 बजे गुमला थाना पहुंची जानकारी के मुताबिक लड़की का एक 17 वर्षीय लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था वही लड़के ने शादी करने की बात कह कर उसके साथ दुष्कर्म किया इसके बाद वह शादी से अब मुकर रहा है दो माह बाद लड़की 18 वर्ष की हो जायेगी वही लड़की के परिजन और लड़के के परिजनों में मामले को लेकर गुरुवार को काफी विवाद हुआ इसके बाद लड़की रोते-रोते गुमला थाना पहुंच गयी। मामले को लेकर गुमला थाना में आवेदन नहीं दिया गया है संभवतः शुक्रवार को टोटो थाना में आवेदन दिया जायेगा।

# गुमला में तंबाकू उत्पाद के खिलाफ छापामारी, कई पकड़ाये, मचा हड़कंप

### पालकोट रोड, सिसई रोड और लोहरदगा रोड में चलाया गया सघन छापेमारी अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के पालकोट रोड, सिसई रोड और लोहरदगा रोड में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी अभियान की खबर फैलते ही तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के बीच हड़कंप मच गयी।

इस कार्रवाई के दौरान निकोटिन और तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री करते हुए कई विक्रेताओं को पकड़ा गया। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में तंबाकू युक्त उत्पाद न बेचने की सख्त हिदायत दी गयी। इसके अतिरिक्त, खाद्य व्यापार से जुड़े सभी विक्रेताओं को आवश्यक खाद्य लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिये गये। इस संदर्भ में बताया गया कि 28 फरवरी को सिविल सर्जन कार्यालय के सामने स्थित खाद्य सुरक्षा कार्यालय में खाद्य लाइसेंस शिविर आयोजित किया जायेगा।

**1600 रुपये का लगाया गया जुर्माना**

इस सघन छापेमारी में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी लव कुमार गुप्ता, गुमला सदर थाना के एसआई, जिला तंबाकू निषेध सलाहकार वंदना, सूरज और प्रियांशु की उपस्थिति पूरा आभियान चलाया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन गुमला सभी व्यापारियों से अनुरोध करता है कि वे खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करें और बिना लाइसेंस के खाद्य व्यापार न करें। खाद्य लाइसेंस बनाने में व्यापारियों, प्रतिष्ठान संचालकों को हर संभव सुविधा प्रदान करायी जायेगी।

## गुमला में कांग्रेसियों ने चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुरुवार को चैतू उरांव की अध्यक्षता में गुमला जिला कांग्रेस ने चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनायी। मौके पर अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गये। इस संस्था के माध्यम से राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में पहले 9 अगस्त 1925 को काकोरी कांड किया और फरार हो गये। इसके बाद 1927 में ' बिस्मिल ' के साथ 4 प्रमुख साथियों के बलिदान के बाद उन्होंने उत्तर भारत की सभी क्रांतिकारी पार्टियों को मिलाकर एक करते हुए हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया। भगत सिंह के साथ लाहौर में लाला लाजपत राय की मौत का बदला लिया और दिल्ली पहुंच कर असेंबली बम कांड को अंजाम दिया। आजाद के संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के सेंट्रल कमेटी मेंबर वीरभद्र तिवारी अंग्रेजो के मुखबिर बन गये थे और आजाद की मुखबिरी की थी। संगठन के क्रांतिकारी रमेश चंद्र गुप्ता ने उरई जाकर तिवारी पर गोली भी चलायी थी। लेकिन गोली मिस होने से वीरभद्र तिवारी बच और गुप्ता की गिरफ्तारी हुई, फिर 10 साल की सजा। मौके पर मुख्य रूप से विष्णु राम, फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, ज्योति कुजूर, तरुण गोप, मोहम्मद कलाम मीरा हमीद, गुलाम सरवर, खुर्शीद आलम, मिनहाज खान आदि उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने ली योजनाओं की जानकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने गुरुवार को गुमला जिला का दौराकिया। इस दौरान उन्होंने गुमला जिला कल्याण पदाधिकारी से कई जानकारियां लीं। विशेष कर जिला में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं के बारे में पूछताछ की गयी। कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अल्पसंख्यक बेरोजगार नौजवानों के ऋण की स्थिति, जिला में अल्पसंख्यक छात्रावास की स्थिति का भी जायजा लिया। वारिस कुरैशी ने अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चल रही योजनाओं में तेजी लाने और साथ ही नई अल्पसंख्यक योजनाएं बना कर राज्य को भेजने का भी निर्देश दिया। आजाद सिपाही से बात करते हुए उन्होने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रही है। अल्पसंख्यकों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। ताकि उनका जीवन स्तर उठ सके।

## एक अप्रैल को निकाला जायेगा सरहुल का जुलूस

### केंद्रीय समिति ने प्रशासन से जुलूस के दिन शराब दुकानों को बंद करवाने का किया आग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के शहरी और शहर के आस पास के क्षेत्रों के द्वारा एक अप्रैल को सरहूल का जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस भव्य तरीके से निकाला जाएगा। यह निर्णय केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला की बैठक में लिया गया। लोहरदगा रोड स्थित उरांव क्लब दुन्दुरिया में अयोजित इस बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष जयप्रकाश उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से सरहुल महोत्सव के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सांस्कृतिक जुलूस के रूट की चर्चा कर निर्णय लिया गया कि जुलूस 2:00 बजे उरांव क्लब दुन्दुरिया से प्रस्थान करेगी जो कि थाना चौक पटेल चौक मेन रोड टावर चौक होते हुए पालकोट रोड झंडा पूजा स्थल पहुंचेगा। पूजा स्थल स्टेट बैंक के पास रोड से सिसई रोड टावर चौक थाना रोड होते हुए उरांव क्लब दुन्दुरिया के पास समाप्त होगा। चैनपुर रोड से आने वाले जुलूस पटेल चौक पालकोट रोड से आने वाले जुलूस पाठ स्थल स्टेट बैंक के बगल रोड में सिसई रोड टावर चौक थाना रोड होते हुए थाना चौक के पास सिसई रोड से आने वाले जुलूस टावर चौक थाना रोड होते हुए थाना चौक के पास मुख्य जुलूस में सम्मिलित होंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशासन से अनुरोध किया जायेगा कि सरहुल महोत्सव के दिन सरकारी शराब की दुकान बंद रखी जाये। साथ ही साथ अवैध शराब की बिक्री बंद कराई जाये।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न उप समितियों का गठन कर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को जिम्मेदारियां दी गयी। आगामी 9 मार्च यानी रविवार को समिति की बैठक 1:00 बजे उरांव क्लब दुन्दुरिया में की जायेगी। बैठक में केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के पदाधिकारी सदस्य गण एवं समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। यह जानकारी केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला के सचिव दीपनारायण उरांव ने दी।

## 20 सूत्री सदस्य ने की जरूरतमंद किसान की मदद




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मुख्तार आलम जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य ने जरूरतमंद किसान की मदद की। मुख्तार आलम ने कहा कि गुमला जिला प्रखंड घाघरा के रहने वाले किसान राजू साहू ने बताया कि मैं एक किसान हूं, हमेशा खेती करता रहता हूं, मेरे पास तालाब है ,परंतु तालाब से पानी खींचकर अपने खेत में लाकर सिंचाई करने हेतु कोई पंप सेट की व्यवस्था नहीं है।

व्यवस्था नहीं होने के कारण मेरा खेती हमेशा बर्बाद हो जाती है। फसल खराब हो जाते है।

मुख्तार आलम ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार कार्यकारिणी योजनाएं विभिन्न तरह कि हर विभाग में चल रही है, विभिन्न योजनाओं से जुड़कर हर जरूरतमंद इसका लाभ उठा रहे हैं।

किसान को खेती करने हेतु कृषि विभाग से भा विभिन्न योजनाएं चल रही है, किसान को खेती करने हेतु सरकार के द्वारा योजना सिंचाई पंप सेट 90% अनुदान राशि के साथ दिया जा रहा है। मैं इस किसान राजू साहू को पंप सेट दिलाने की सभी जरूरत के कागजात आज कार्यालय में जाकर जमा करवाया दिया हूं। जल्द से जल्द किसान को सिंचाई पंप सेट दिया जायेगा, उसके बाद यह किसान अपनी खेती अच्छे से कर पायेगा।

मुख्तार आलम ने कहा कि मैं और मेरी टीम सदैव हर जरूरतमंद को मदद करने के लिए खड़ा रहता हूं। किसी भी व्यक्ति को कोई मदद की आवश्यकता हो तो वह मुझसे या हमारे टीम के सदस्यों से संपर्क कर सकते है।

## डाटा ऑपरेटरों का प्रशिक्षण शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सी-समवाय, चैनपुर, 32वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 25 दिवसीय 'डाटा ऑपरेटर प्रशिक्षण' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 27 फरवरी से 24 मार्च 2025 तक संचालित किया जायेगा, जिसमें चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों के 25 युवा/ युवतियां भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में रीना हसदा जिला परियोजना निदेशक, गुमला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। राजेश सिंह, कमांडेंट, 32वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ललित मीना एसडीपीओ, चैनपुर, यादव बैठा प्रखंड विकास पदाधिकारी, चैनपुर दिनेश कुमार गुप्ता अंचल अधिकारी, चैनपुर, शोभा देवी मुखिया, चैनपुर सुशील कुमार मिंज मुखिया बेंदोरा उपस्थित थे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर उन्हें रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें एवं अपने समुदाय के विकास में योगदान दे सकें।

## स्पोर्ट्स



पीएम शहबाज संसद में मुद्दा उठायेंगे। कहा, 29 साल बाद आइसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी

# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर पाकिस्तान में हंगामा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रावलपिंडी।** मेजबान पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से एक भी मैच जीते बिना बाहर हो गया है। टीम के खराब प्रदर्शन से पाकिस्तान में बवाल मचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस मामले की कैबिनेट और संसद में चर्चा करेंगे।

पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राना सनाउल्लाह ने जियो टीवी के कार्यक्रम जियो पाकिस्तान में यह जानकारी दी। चैनल ने दावा किया है कि यह मामला संसद में उठाया जायेगा। गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ टीम का आखिरी मुकाबला रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हो गया है। पाकिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड और दूसरे में भारत ने हराया था।

पाकिस्तान को 29 साल बाद आइसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। इससे पहले 1996 में भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी।

**पीएम एडवाइजर राणा सनाउल्लाह बोले**

इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपये खर्च किये, लेकिन टीम हार गयी। मुझे इस बात का बहुत अफसोस हुआ। दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम तमाशाई बन गये हैं। जितनी तवज्जो स्टेडियम को दी गयी। उतनी ही टीम को देनी चाहिए थी। इससे पूरा पाकिस्तान मायूस है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक स्वतंत्र ऑर्गेनाइजेशन है। इसमें बेपनाह पैसा है, यहां पर अधिकारी पैसे के लिए टिके हुए हैं। लोग डेपुटेशन पर अपनी ड्यूटी लगवाते हैं, जिससे एक सिस्टम बन गया है। मेरा मानना है कि पीसीबी को सरकार नियंत्रित करे।

**एक भी मैच नहीं जीत सका पाकिस्तान, सिर्फ एक अंक मिला**

पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में टीम के पास महज एक अंक है। बांग्लादेश को भी एक अंक मिला है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 4-4 अंक लेकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

## सितंबर में फिर भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत और पाकिस्तान की टीमें सितंबर महीने में एक बार फिर आमने-सामने हो सकती हैं। दोनों टीमें भारत की मेजबानी में होने जा रहे एशिया कप में हिस्सा लेंगी। क्रिकबज की रिपोर्ट्स के अनुसार, एशियाई क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान आपस में 3 मैच खेल सकते हैं। टी-20 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में 19 मैच खेले जायेंगे। इसके सितंबर में होने की उम्मीद है। भारत-पाकिस्तान के राजनैतिक मतभेद को देखते हुए एसीसी ने तय किया है कि टूर्नामेंट किसी न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित किया जाये।

# लिंगराज मंदिर का सेवायत नीचे गिरा गंभीर रूप से घायल, सीएम देखने पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** लिंगराज मंदिर में महादीप उठते समय एक बड़ा हादसा हुआ । सेवायत योगेंद्र समर्था महादीप को लेकर ऊपर चढ़ते समय, वह अपना संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। बुधवार को भुवनेश्वर लिंगराज मंदिर में जागर यात्रा चल रहा था । पहले मंदिर की परिक्रमा के बाद महादीप में अग्नि जलाई गयी और फिर घंटा-घंटे की ध्वनि में सेवायत ने महादीप को लेकर मंदिर पर चढ़ने लगे, लेकिन दुर्भाग्य से, मंदिर के निचले हिसे से ऊपर को चढ़ते समय, सेवायत योगेंद्र समर्था ने अपना संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। वहां मौजूद अन्य सेवायतों ने उन्हें उठाया और इलाज के लिए कैपिटल अस्पताल भेज दिया। इस घटना में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कैपिटल हॉस्पिटल जाकर घायल सेवायत योगेंद्र समर्था से मुलाकात की। खुर्दा जिलापाल ने



कहा कि सेवायत का इलाज हमारी प्राथमिकता है। जिलापाल ने कहा कि ऐसी घटना क्यों और कैसे हुई इसकी जांच की जायेगी। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मैंने लिंगराज मंदिर जागर यात्रा के दौरान दुर्घटना का शिकार हुए और कैपिटल अस्पताल में इलाज चल रहे घायल सेवायत से मुलाकात की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जाना। घायल सेवायत के बेहतर इलाज को प्राथमिकता देने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। मैं घायल सेवायत के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए महाप्रभु से प्रार्थना करता हूं। उसी घटना को लेकर राजनीति भड़क उठती है। कल जब लिंगराज मंदिर में महादीप उठ रहा था, उसी समय सेबायत ने वह अपना संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। उसी घटना को लेकर राजनीति अब सरगरम है। बीएमसी मेयर सुलोचना दाश ने कहा कि प्रशासन मंदिर के रास्ते पर बालू डालना भूल गया है, अगर बालू गिरा होता तो ऐसी घटना नहीं घटती। मेयर ने कहा कि घटना की जांच होनी चाहिए। वर्षों तमाम, योगेंद्र समर्था सेवायत अपनी जान जोखिम में डालते हुए मंदिर के ऊपर चढ़ते हैं, लेकिन उसका कोई बीमा नहीं है। 1996 से वह महीने में दो बार चतुर्दशी और महाशिवरात्रि पर मंदिर की ऊपर दीपक लेकर जाते हैं। मंदिर के ऊपर जाते समय नीचे बालू बिछाया जाता है जिससे पैर ना फिसले। इस बार प्रशासन बालू गिराना भूल गया है। पैर में घी लगाने के कारण चढ़ाई करते समय पैर अचानक फिसल गया। तो वह कूद गया, यदि गिर जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। जिसकी जांच होनी चाहिए, मेयर ने कहा कि मेयर के बयान पर विधायक बाबू सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कीचड़ उछालने वाली राजनीति बंद करें। क्या मेयर प्रशासन का हिस्सा नहीं है? लिंगराज मंदिर में मेयर ने कल करीब दो घंटे तक मेरे साथ रहीं। उन्होंने व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। अगर उसे अपनी आंखों में कोई दोष दिखता तो उसने कहा क्यों नहीं? महाप्रभु के काम पर राजनीति ना करें। किसी भी दल से संबंध न रखते हुए सभी को सहयोग करना चाहिए।

# रेलवे महाप्रबंधक ने चार रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने ड्यूटी के दौरान उनके असाधारण प्रदर्शन, सतर्कता और तत्परता के लिए चार रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में हुआ। अपर महाप्रबंधक और प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुखराज मीना वरिष्ठ सहायक लोको पायलट कोरापुट स्टेशन, सिंगामपाल्ली वेंकट कृष्णा ट्रैक मेंटेनर-04, गैंग नंबर 10 चिमिडीपाल्ली स्टेशन, रमेश महानंद ट्रैफिक पॉइंट्समैन, अरंड स्टेशन, और चालूमुरी रमणा नायडू वरिष्ठ माल ट्रेन प्रबंधक सीमांचलम स्टेशन को ड्यूटी के दौरान उनके असाधारण समर्पण और सतर्कता के लिए महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक फूंकवाल ने इन कर्मचारियों की उनके त्वरित कार्यों और उल्लेखनीय सतर्कता के लिए सराहना की, जो रेलवे नेटवर्क के सुचारू और सुरक्षित कामकाज को बनाये रखने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रत्येक रेलकर्मी का समर्पण यात्री सुरक्षा और कुशल ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने रेलवे परिचालन के हर चरण में सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए रेलवे कर्मचारियों से सतर्क, दायित्व और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहने का भी आग्रह किया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य में अकेले भाजपा की सरकार बनने के बाद 2036 तक एक विकसित ओड़िशा बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए जहां जोरदार प्रयास शुरू कर दिये गये हैं, वहीं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमें पूरा सहयोग दे रहे हैं। मोदी जी ने हमेशा ओड़िशा को महत्व दिया है। उनके नेतृत्व में पिछले तीन महीनों में प्रदेश में कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम और महत्वपूर्ण बैठकें हुई हैं। पुलिस महानिदेशक की बैठक से लेकर नौसेना दिवस, प्रवासी भारतीय दिवस आदि आयोजित हो चुके हैं। 28 तारीख को पुरी में पहली बार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के शामिल होने का कार्यक्रम है। इसी सिलसिले में नड्डा आज से ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। आज शाम 7 बजे भुवनेश्वर पहुंचने के बाद वे कोणार्क जायेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। नड्डा कल पुरी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद भुवनेश्वर लौटेंगे ओर प्रमुख पदाधिकारियों से विचार-विमर्श करने का कार्यक्रम है। प्रदेश उपाध्यक्ष बिरांची नारायण त्रिपाठी ने इसकी सूचना दी ।




# एसओए के प्रो वीसी ने एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) की प्रो-वाइस चांसलर प्रो डॉ नीता मोहंती को हाल ही में नयी दिल्ली में इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा आयोजित ओरल हेल्थ इनोवेशन एंड रिसर्च पर ग्लोबल कॉन्क्लेव में ओरल हेल्थ, इनोवेशन और रिसर्च के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। पुरस्कार दूरदर्शी नेताओं को सम्मानित करने के लिए प्रदान किये गये जिन्होंने ओरल हेल्थकेयर के भविष्य को प्रेरित और प्रभावित किया। पुरस्कार पाने वालों में ओरल हेल्थ के क्षेत्र की 12 अन्य हस्तियां शामिल थीं। प्रो डॉ मोहंती ने कॉन्क्लेव के हिस्से के रूप में आयोजित वंशानुगत कैंसर सिंड्रोम और ओरल कैंसर, जेनेटिक काउंसलिंग और निवारक रणनीति पर एक संगोष्ठी को भी संबोधित किया। इसके अलावा, उन्होंने



सीमा पार सहयोग, विधियां, नवाचार, चुनौतियां, अवसर और भविष्य की दिशाएं विषय पर पैनल चर्चा में भी अपनी बात रखी। डेंटल सर्जन और सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर शिरकत की और 15 और 16 फरवरी को आयोजित सम्मेलन में पुरस्कार प्रदान किये। सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, विश्व स्वास्थ्य संगठन, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद, जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ), फेडरेशन डेंटेयर इंटरनेशनल (एफडीआई), इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर डेंटल रिसर्च (आइएडीआर), हेल्थकेयर इनक्यूबेशन सेंटर और ओरल हेल्थ ट्रेड एंड फार्मा इंडस्ट्री के सहयोग से किया गया था।

# भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के लिए 42 दिनों में 15,000 से अधिक ट्रेनें चलाकर बनाया रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे ने महाकुंभ 2025 के दौरान मात्र 42 दिनों में 15,000 से अधिक ट्रेनें चलाकर एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाया, जो 13,500 ट्रेनों के शुरूआती लक्ष्य से कहीं अधिक है। इस रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धि में देश भर से यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को समायोजित करने के लिए डिजाइन की गयी कई विशेष ट्रेनें शामिल थीं, जिसमें ओड़िशा का महत्वपूर्ण योगदान था। पूर्वी तटीय रेलवे (इसीओआर) ने ओडिशा के 25 प्रमुख शहरों से 60 विशेष ट्रेनें चलाकर तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इन ट्रेनों ने प्रयागराज के पवित्र शहर में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान करने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान किया, जो महाकुंभ के सबसे पवित्र अनुष्ठानों में से एक




है। नियमित ट्रेन सेवाओं के अलावा, रेलवे प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि ओड़िशा के हर कोने से तीर्थयात्री आस-पास के इलाकों और महत्वपूर्ण स्टेशनों से ट्रेनों में सवार हो सकें। पुरी, भुवनेश्वर, कटक, खुर्दा रोड, ब्रह्मपुर, बालूगांव, जाजपुर क्योंझर रोड, जाखपुरा, भद्रक, बालेश्वर, केंदुझारगढ़, ढेंकनाल, संबलपुर, रायगढ़ा और कई अन्य शहरों को समर्पित विशेष ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज से जोड़ा गया। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने के लिए, भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के पास अतिरिक्त रेक तैनात करने सहित अतिरिक्त व्यवस्थाएं कीं, जिन्हें आवश्यकतानुसार तैनात किया जा सकता था। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीइओ सतीश कुमार भी इन परिचालनों के क्रियान्वयन की देखरेख में सक्रिय रूप से शामिल थे। नियमित सेवाओं के साथ-साथ 60 विशेष ट्रेनों का यह ऐतिहासिक संचालन, महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज जाने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, कुशल और निर्बाध यात्रा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाकुंभ के समापन के साथ ही, भारतीय रेलवे ने तीर्थयात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी सेवाओं की निगरानी और अनुकूलन जारी रखा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पवित्र संगम की यात्रा सभी भक्तों के लिए सुगम, आरामदायक और यादगार बनी रहे।







# वन विभाग ने गहिरमाथा समुद्री से एक ट्रॉलर जब्त की, 9 मछुआरे गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रापड़ा वन विभाग को बड़ी सफलता। वन विभाग की एक पेट्रोलिंग टीम ने गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य में अवैध रूप से मछली पकड़ने के दौरान ट्रॉलर मां दीपनिता को जब्त किया। जबकि 9 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किये गये ट्रॉलर से दो वीएचएफ, एक जीपीएस, एक फिश फाइंडर, बारह जाल, दो मोबाइल और 20 क्विंटल मछली जब्त की गयी। गिरफ्तार मछुआरों में मानस कुंड, बादल चंद्र पाल, कार्तिक दास, तपन जाना, शंकर गिरी, शिवशंकर साहू, झाड़ेश्वर भुइयां, सुब्रत मिस्त्री, विद्युत परमाणिक शामिल हैं।
















# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने राउरकेला शहर में मोबाइल पावर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला/राउरकेला पश्चिमी ओड़िशा बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल ने राउरकेला के लोगों को स्थिर और निर्बाध बिजली सेवा प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक 500 केवी-एंपीयर पावर ट्रांसफार्मर (डीटीआर) शुभारंभ किया है। राउरकेला शहर में पहली बार इस तरह के मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गयी है। इससे नये ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, संशोधन या स्थापना की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद है। अब, इस मोबाइल ट्रांसफॉर्मर को राउरकेला शहर के प्रसिद्ध त्योहार 'वेदव्यास मेला' को समर्पित किया गया है। यह 26 फरवरी से 10 मार्च तक आयोजित किया जायेगा और मोबाइल ट्रांसफॉर्मर मेले के दौरान विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। यह नवनिर्मित 500 केवीए मोबाइल ट्रांसफार्मर रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) और एलटी सुरक्षा पैनल से सुसज्जित है। इस अवसर पर बोलते हुए, टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रवीण बर्मा ने कहा कि यह मोबाइल ट्रांसफार्मर राउरकेला शहर में एक क्रांतिकारी बदलाव लायेगा। यह आने वाली गर्मियों में ट्रांसफार्मर विफलता में महत्वपूर्ण योगदान देगा।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**